हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री


बस स्टैण्ड पर लगे डिवाइडर से रेलिंग गायब हो गई है।



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### कोटा में निःशुल्क प्लेसमेन्ट कैम्प आज

**बिलासपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोटा में 9 सितम्बर को सुबह 10 बजे से सुजुकी मोटर गुजरात के हंसलपुर प्लांट के लिए निःशुल्क प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोटा से वर्ष 2021, 2022, 2023, 2024, 2025 में व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर में उत्तीर्ण पुरूष प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष है साक्षात्कार में भाग लेने के पात्र होंगे।

### जीवनदीप समिति की बैठक 12 को

**बिलासपुर।** राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के जीवनदीप समिति की बैठक संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में 12 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के मनोरंजन कक्ष में होगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### 2 डिग्री बढ़ा तापमान शाम होते ही छाए बादल



**बिलासपुर।** मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, दो दिनों से तेज धूप निकल रही है, जिसके चलते तापमान 2 डिग्री बढ़ चुका है, सोमवार को जिले का तापमान 33.6 डिग्री दर्ज किया। हालांकि शाम होते-होते काले घने बादलों ने एक बार फिर मौसम को सुहाना बना दिया लेकिन इस दौरान उमस भरी गर्मी से सभी को बेहाल कर दिया। काले घने बादल होने के बावजूद महज बिना बरसे बादल लौट गए। सोमवार की सुबह तेज धूप के कारण गर्मी और उमस अपने चरम पर रही, लोगों को पसीने से सराबोर होना पड़ा, बिना पंखे और एसी के राहत नहीं मिल सकी। दिन भर बीतने के बाद अचानक शाम को आसमान पर काले घने बादल मंडराने लगे, लोगों को लगा की कुछ ही देर में अच्छी बारिश होगी, लेकिन इसके उलट बिजली चमकने और बादल गरजने के बाद भी बारिश नहीं हो सकी। हालांकि जिले के छोर पर कहीं-कहीं बुंदाबांदी दर्ज की गई लेकिन अच्छी बारिश कहीं नहीं हो सकी। लोगों को गर्मी और उमस के कारण बेहाल होना पड़ा।

### जिले में अब तक 989.1 मिमी बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 989.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 919.9 मिमी से 69.2 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1241 मि.मी. तखतपुर तहसील में और सबसे कम बारिश 758.4 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 1171.5 मिमी, बिल्हा तहसील में 919.5 मिमी, मस्तूरी में 887.5 मिमी,सीपत में 924.5 मिमी, बोदरी में 916.9 मिमी, बेलगहना में 1161 मिमी, बेलतरा में 927 मिमी, रतनपुर में 977.9 मिमी, सकरी में 1099 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 884.5 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1202.3 मिमी है।

---

**महीनों से बंद बिलासपुर-अंबिकापुर फ्लाइट**

# नए रूट पर परिचालन को लगा बड़ा झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर और रायपुर से अंबिकापुर के बीच संचालित फ्लाई बिग एयरलाइन की हवाई सेवा फिलहाल बंद है। जहां हफ्ते में छह दिन उड़ान भरने वाली फ्लाइट को यात्रियों की कमी के चलते तीन दिन करने के बाद अब कंपनी ने फ्लाइट का परिचालन ही बंद कर दिया है।

नए रूट में चलाई गई इस फ्लाइट के बंद होने से हवाई सेवा को बड़ा झटका लगा है, दरअसल दिसंबर 2024 को बिलासपुर और रायपुर से अंबिकापुर की फ्लाइट चलाई गई। फ्लाईबिग एयरलाइन्स



कंपनी ने 19 सीटर फ्लाइट महज एक हजार रूपए में ही शुरू की। इसी फ्लाइट को वाराणसी तक ले जाने की योजना थी, लेकिन योजना ठप हो चुकी है। बताया जा रहा है कि बारिश के मौसम में खराब विजिबिलिटी के चलते उड़ानें रोकी गई है, लेकिन इसकी दोबारा शुरूआत कब होगी, यह अधिकारी बताने से गुरेज कर रहे हैं।

### टिकट बुकिंग भी बंद

फ्लाई बिग कंपनी की वेबसाइट और टिकट बुकिंग पोर्टल पर बिलासपुर-अंबिकापुर रूट की टिकट बुकिंग पूरी तरह से बंद कर दी गई है। यात्रियों को अगली उड़ानों की जानकारी नहीं मिल रही है। फ्लाइट का किराया महज 1048 रुपये रखा गया था, इसके बाद भी यात्रियों की संख्या 6 से 7 यात्री के बीच में रही।

### रीजनल कनेक्टिविटी को झटका

हवाई सेवा उड़ान योजना के तहत रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत शुरू की गई थी। छत्तीसगढ़ के शहरों के बीच सुलभ और सस्ती हवाई यात्रा उपलब्ध ही योजना का मुख्य उद्देश्य है। बिलासपुर व रायपुर जैसे जैसे बड़े शहरों अंबिकापुर से जोड़ने वाली यह उड़ान क्षेत्रीय संपर्क के लिहाज से अहम मानी जा रही थी, लेकिन एयरलाइन्स कंपनी ने यात्रियों को बड़ा झटका दे दिया है।

### विजिबिलिटी की समस्या

बिलासपुर से अंबिकापुर की फ्लाइट फिलहाल बंद है, इसके परिचालन पर रोक क्यों लगाई गई है, यह एयरलाइन्स कंपनी ही बता सकेगी। मुझे जानकारी है कि विजिबिलिटी के कारण ही फ्लाइट नहीं चलाई जा रही है। सेवा कब शुरू होगी यह मुझे जानकारी नहीं है।

**- एनबी सिंह,** एयरपोर्ट डायरेक्टर बिलासा एयरपोर्ट

# जमीन के लिए रक्षा राज्य मंत्री से मिले तोखन



छग बिलासपुर में हवाई सेवाओं के विस्तार को गति देने के उद्देश्य से केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर हवाई अड्डे के विकास के लिए रक्षा मंत्रालय के पास पड़ी 1012 एकड़ भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के संबंध में एक संयुक्त बैठक बुलाने का आग्रह किया। श्री साहू ने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर और एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां उच्च न्यायालय के साथ-साथ एसईसीएल, एनटीपीसी और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जैसी अनेक केंद्रीय संस्थाओं के मुख्यालय स्थित हैं। इसके अलावा शहर में कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान भी हैं। इन सबके बावजूद, मौजूदा हवाई सुविधाएं शहर की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त नहीं हैं और लंबे समय से इनके विस्तार की मांग की जा रही है। श्री साहू ने कहा कि हवाई अड्डे के विस्तार में सबसे बड़ी अड़चन भूमि की है। हवाई अड्डे के आसपास की 1012 एकड़ ज़मीन रक्षा मंत्रालय ने आर्मी ट्रेनिंग सेंटर के लिए अधिग्रहित की थी, लेकिन अब ट्रेनिंग सेंटर रायपुर में स्थापित हो चुका है। परिणामस्वरूप यह ज़मीन अनुपयोगी पड़ी हुई है। रनवे विस्तार के लिए इसमें से केवल 290 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। किंतु इस भूमि के मुआवज़े को लेकर राज्य सरकार और सेना के बीच मतभेद बना हुआ है। इस मुद्दे के समाधान के लिए श्री साहू ने रक्षा राज्य मंत्री से अनुरोध किया कि छत्तीसगढ़ सरकार और रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक बुलाई जाए। उनका मानना है कि संवाद और सहयोग से कोई ठोस समाधान निकलेगा, जिससे बिलासपुर में हवाई सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। यह कदम न केवल क्षेत्रीय परिवहन सुविधा को बेहतर बनाएगा बल्कि शहर के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी अहम साबित होगा।

---

**कक्ष के रेनोवेशन के नाम पर जारी हुई राशि**

# डीएमएफ के पैसे की बर्बादी, चार एसी व सोफे में फूंक दिए 19 लाख

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर

कलेक्टोरेट परिसर स्थित मंथन सभाकक्ष के ऊपर बनाए गए वात्सल्य कक्ष में डीएमएफ के पैसे की बर्बादी साफ नजर आ रही है। रेनोवेशन के नाम पर पहले तो 19.42 लाख रूपए स्वीकृत कराए गए, लेकिन इस पैसे का सार्थक उपयोग क्या किया गया? यह जांच का विषय है। कक्ष में चार एसी, एक टीवी, दो गैस सिलेंडर व सोफे रखे गए हैं। कक्ष में किए गए खर्च का हिसाब लगाया जाए तो कुल लागत सात लाख रूपए से अधिक नहीं होगी, जबकि 19 लाख रूपए फूंक दिए गए हैं।

कलेक्टर आफिस के ठीक सामने मंथन सभाकक्ष के ऊपर वात्सल्य नामक कक्ष बनाया गया है। कहने को तो यह झूलाघर है, जहां कामकाजी माताओं के शिशुओं की देखभाल, खेल-खिलौनों का स्थान व माताओं के कुछ पल अपने बच्चों के साथ रेस्ट करने का स्थान भी है। कक्ष के भीतर जाने पर साफ तौर पर यह समझ में आ रहा है कि यहां के लिए खरीदी गई सामग्रियां केवल इस कक्ष के लिए स्वीकृत राशि की बंदरबांट व कमीशनखोरी के लिए उनकी वास्तविक कीमत से चार गुना अधिक कीमतों पर खरीद ली गई हैं।

इस संबंध में स्मार्ट सिटी के अधिकारी से पूछने पर उन्होंने पहले तो कक्ष का निर्माण कराने की बात कही। कक्ष का निर्माण अलग फंडिंग से होने की बात कहने पर उन्होंने यहां टायलेट बनाने की बात कह दी। पहले तो उन्होंने कक्ष में किए गए सारे काम का हिसाब बता दिया, लेकिन कक्ष में कुल राशि से अनावश्यक रूप से केवल एसी व सोफे की खरीदी की बात कहने पर राशि अभी भी शेष होने व अभी काम पूर्ण नहीं होने की बात कहने लगे।






**किया गया पैसे का ऐसा दुरुपयोग**

- मंथन सभाकक्ष के ऊपर वात्सल्य नामक कक्ष में कथित तौर पर सारा खर्च




### सोफे से खचाखच भर दिया हॉल, कहां खेलेंगे बच्चे?

वात्सल्य कक्ष में माताओं को अपने शिशुओं के लिए एक अलग से कक्ष में फीडिंग रूम बनाया गया है। यहां एक एसी व बैठने के लिए चारों ओर सोफे लगाए गए हैं। यहां करीब दस माताएं एक ही समय में एक साथ बैठकर शिशुओं को फीडिंग करा सकती हैं। सवाल यह है कि जब फीडिंग रूम में माताओं के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है तो हॉल को बच्चों के खेलने के लिए पूरा खाली क्यों नहीं रखा गया? जबकि हॉल को भी सोफे से खचाखच भर दिया गया है। स्पष्ट है कि सोफे की खरीदी केवल पैसे खपाने के लिए की गई है।

### 6 महीने पहले उद्घाटन, अब कह रहे काम जारी

मंथन के ऊपर कक्ष का निर्माण तो काफी पहले ही किया जा चुका था, लेकिन इस कक्ष को वात्सल्य नाम देते हुए साज-सज्जा व रेनोवेशन का काम डीएमएफ की राशि से किया गया। काम पूरा होने के बाद 8 मार्च 2025 को तत्कालीन कलेक्टर अवनीश शरण से इसका उद्घाटन भी कराया जा चुका है। अब पैसे का व्यापक दुरूपयोग होने की बात कहने पर स्मार्ट सिटी के ईई अभी कक्ष में और काम बाकी होना व काम जारी होने की बात भी कहने लगे। उन्होंने यह भी कहा कि डीएमएफ शाखा वाले कहेंगे तो और भी काम कर दिया जाएगा, जबकि कक्ष का उद्घाटन करवाए 6 महीने बीत चुके हैं।

### अभी भी काम चल रहा

वात्सल्य कक्ष में कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए झूलाघर, फीडिंग सेंटर, टायलेट बना है। अभी भी काम चल रहा है। डीएमफ शाखा वाले यहां कुछ और करने बोलेंगे तो वो भी कर दिया जाएगा। अभी कलेक्टर भी यहां कुछ-कुछ करने बोले हैं।

**- शारदा साहू,** ईई स्मार्ट सिटी

### खिलौने के नाम पर सिर्फ दो टैडी, झूला एक भी नहीं

वात्सल्य कक्ष की स्थापना कामकाजी माताओं की काम से वापसी तक उनके बच्चों के मनोरंजन एवं उचित देखभाल के उद्देश्य से की गई है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारी इस कक्ष को झूलाघर का नाम भी दे रहे हैं। आश्चर्यजनक बात यह है कि झूलाघर में बच्चों के लिए खिलौनों के नाम पर दो टैडी बियर रखे गए हैं, वहीं दुधमुंहे बच्चों के लिए झूले की कोई व्यवस्था नहीं है। इस कक्ष में लगाए गए एसी व सोफे साफ तौर पर यह बता रहे हैं कि किसी चहेते या परिचित ठेकेदार को भरपूर लाभ देने के लिए केवल कमीशनखोरी के चक्कर में पूरी राशि केवल इन्हीं सामानों पर खर्च कर दी गई है।

# कांग्रेस की आमसभा में आज आएंगे सचिन पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**नेता प्रतिपक्ष महंत, बैज, भूपेश, टीएस सहित कांग्रेस नेता होंगे शामिल**


मुंगेलीनाका ग्रीन गार्डन मैदान का स्थल निरीक्षण करते कांग्रेस नेता।


आमसभा के लिए तैयार किया गया मंच।

मंगलवार को शहर के मुंगेलीनाका ग्रीन गार्डन मैदान में कांग्रेस की आमसभा होने जा रही है। इस सभा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट सहित कांग्रेस के प्रदेश के सारे बड़े नेता शामिल होंगे।

कांग्रेस की आमसभा दोपहर करीब 12 बजे से शुरू होगी, इसका नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट करेंगे। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, सहप्रभारी विजय जांगिड़, सम्पत कुमार, सुश्री जरिता लेटफलांग सहित प्रदेश के सभी विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, वर्तमान जनप्रतिनिधि एवं प्रदेश पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई आदि के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होंगे। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय व जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए चलाया जा रहा है। वोटों के मुद्दे को लेकर प्रदेश स्तरीय आमसभा 9 सितंबर को दोपहर 12 बजे मुंगेलीनाका ग्रीन गार्डन मैदान में आयोजित है। इस आमसभा को लेकर आज पूरे दिन तैयारी चलती रही और कांग्रेस नेताओं ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारी का जायजा भी लिया। यह प्रदेश स्तर का कार्यक्रम है इसलिए बिलासपुर जिले के साथ पूरे संभागभर से कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की भीड़ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचेगी।

## जनता के सामने रखेंगे सबूत : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर वोटों की गड़बड़ी कर सरकार बनाने का अरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा व चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ साक्ष्य और जुटा लें उसके बाद जनता के सामने सबूत रखेंगे।

कांग्रेस के बिलासपुर में 9 सितंबर को आयोजित सभा के संबंध में कांग्रेस भवन में सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित रैली व सभा का नेतृत्व एआईसीसी के महासचिव एवं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट करेंगे। कांग्रेस का यह प्रदर्शन न केवल भाजपा की नीतियों और कार्यशैली के विरोध में होगा, बल्कि जनता को यह संदेश देने का प्रयास होगा कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोपरि है। उनका कहना है कि कांग्रेस ने चुनाव आयोग से सवाल पूछा है तो उल्टा आयोग कांग्रेस से सवाल कर रहा है, यह उनकी निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री केदार कश्यप के विवादित बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि भाजपा नेताओं को अपनी भाषा और आचरण पर ध्यान देना चाहिए। भाजपा द्वारा उन्हें धर्मांतरण स्पेशलिस्ट कहे जाने के प्रश्न श्री बैज ने कहा कि भाजपा ने कोई तथ्य प्रस्तुत नहीं किया।

---

**आल इंडिया काउंसिल ने डीआरएम और रेल मंत्री को एक्स पर की शिकायत**

# लगातार ड्यूटी से बिगड़ी गार्ड की तबियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन के गार्ड यानि ट्रेन मैनेजर की तबियत बिगड़ने के बाद भी सेक्शन कंट्रोलर और स्टेशन मास्टर ने उसे आराम करने के बजाय काम करने कहा, जिसके कारण उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इसके लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे आल इंडिया गार्ड काउंसिल की ओर से डीआरएम और रेल मंत्री को एक्स पर सेक्शन कंट्रोलर और स्टेशन मास्टर के खिलाफ शिकायत की गई है।

रेलवे बोर्ड ने ट्रेन का परिचालन करने वाले चालक, परिचालक के साथ गार्ड यानि ट्रेन मैनेजर की ड्यूटी करने का समय निर्धारित कर रखा हुआ है। किसी तरह की विषम परिस्थिति में रनिंग स्टाफ को 8 से 9 या 9 से 11 घंटे के अलावा अतिरिक्त समय लग जाते हैं। वहीं कई बार अफसर चार्जशीट का भय



दिखाकर भी रनिंग स्टाफ से जबरदस्ती ड्यूटी कराते हैं। इस तरह की स्थिति दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में अधिक है, जहां माल लदान का टारगेट पूरा करने के लिए रनिंग स्टाफ निर्धारित समय से अधिक ड्यूटी कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें ओवर टाइम भत्ता भी दिया जाता है, लेकिन कई बार उनकी सेहत पर भी काफी असर पड़ता है। आल इंडिया रेलवे रनिंग स्टाफ एसोसिएशन, गार्ड काउंसिल ने कई बार रेल अफसरों से लेकर रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय तक इसकी शिकायत की है, लेकिन उनकी शिकायत का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसी तरह की स्थिति जोन के एक गार्ड यानि ट्रेन मैनेजर सुनील यादव की 5 सितम्बर को हुई थी। माल गाड़ी के ट्रेन मैनेजर सुनील यादव की ड्यूटी के दौरान तबियत काफी बिगड़ गई। उन्होंने तत्काल कंट्रोलर को अपनी स्थिति से अवगत कराते हुए रिलीफ करने मांग की। कंट्रोलर ने उनकी बात को अनसुना करते हुए 12.30 घंटे तक रोका, जिसके कारण उनकी तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराना पड़ा। आल इंडिया गार्ड काउंसिल की ओर से सचिव साजिद खान ने इसकी शिकायत डीआरएम नागपुर और रेल मंत्री को एक्स पर दी है।

### बोर्ड के नियम का उल्लंघन

आल इंडिया गार्ड काउंसिल के सचिव साजिद खान ने शिकायत में कहा कि सेक्शन कंट्रोलर का ट्रेन मैनेजर के साथ व्यवहार एचओईआर का उल्लंघन होने के साथ रेलवे बोर्ड के नियम की अवहेलना है। साइन आन से साइन आउट तक की ड्यूटी अवधि 11 घंटे से अधिक नहीं होगी, फिर भी सेक्शन कंट्रोलर ने श्री यादव को न केवल 11 घंटे से अधिक ड्यूटी करने विवश किया, बल्कि उनकी अस्वस्थता के बावजूद संवेदनशीलता नहीं दिखाई। अफसर हमेशा अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर दिखाकर धमकाते हैं। उन्होंने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करते हुए कंट्रोलर और स्टेशन मास्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने मांग की है।

# ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मामले में तीनों छात्राओं का मेडिकल में प्रवेश निरस्त

**बिलासपुर।** तहसील आफिस से जारी तीन छात्राओं के ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट में तहसीलदार के हस्ताक्षर फर्जी करार दिए जाने के बाद इस मामले में सोमवार को छात्राओं को स्पष्टीकरण के लिए डीएमई आफिस रायपुर बुलाया गया था। इस दौरान छात्राओं के समस्त दस्तावेजों की जांच एवं स्पष्टीकरण के बाद असंतुष्ट होते हुए छात्राओं के मेडिकल प्रवेश को इस वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया। प्रवेश निरस्त करने के पीछे एकमात्र कारण सर्टिफिकेट में तहसीलदार के साईन व सील का फर्जी होना बताया गया है।

- डीएमई आफिस में छात्राओं के स्पष्टीकरण के बाद लिया गया निर्णय

फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट को लेकर बीते पंद्रह दिनों से चल रही चर्चाओं पर अब विराम लग गया है। फर्जी सर्टिफिकेट के दायरे में आ रही तीनों छात्राओं को इस साल प्रदेश में किसी भी मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। छात्राओं को मेडिकल इंस्टीट्यूट द्वारा डीएमई आफिस में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेजों की जांच एवं स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया गया था। इस दौरान सारे दस्तावेज जांचने व छात्राओं के स्पष्टीकरण के बाद इस साल मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए उन्हें अयोग्य घोषित करते हुए उनका प्रवेश निरस्त कर दिया गया। छात्राओं के अनुसार प्रवेश निरस्त करने के पीछे एकमात्र कारण सर्टिफिकेट में तहसीलदार द्वारा अपने हस्ताक्षर फर्जी बताया जाना था।

### विस्तृत जांच की गई

सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली तीनों ही छात्राओं के दस्तावेजों व उनके बैक-ग्राऊंड की विस्तृत जांच की गई है। इस दौरान जो सत्यता सामने आई है इसके आधार पर यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इन्हें जारी किया गया सर्टिफिकेट आईडी का गलत इस्तेमाल कर अनुचित तरीके से जारी किया गया था, जिसकी अभी जांच चल ही रही है। इस संबंध में सर्टिफिकेट को फर्जी घोषित करने की कार्रवाई बिल्कुल सही थी। जांच के बाद दोषी व्यक्तियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर


वोट चोर गद्दी छोड़
प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन
कार्यक्रम
09 सितम्बर 2025, दिन मंगलवार
समय : दोपहर 12 बजे
स्थान : ग्रीन पार्क मैदान, संजय तरण पुष्कर, मुंगेली नाका, बिलासपुर
मुख्य अभ्यागत
माननीय सचिन पायलट जी
महामंत्री
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
एवं प्रभारी छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
विनीत : छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



शिविर

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा 10 से 13 तक विशेष दुर्घटना बीमा शिविर

**बिलासपुर।** जिले के सभी डाकघरों में 10 से 13 सितंबर तक डाक विभाग इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा विशेष दुर्घटना बीमा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के नागरिक मात्र 350 से 750 वार्षिक प्रीमियम पर 5 लाख से लेकर 15 लाख तक का दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर सकते है। यह पहल आमजन को कम लगात में उच्च सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। भारत सरकार के वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को साकार में इंडिया पोस्ट अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। देश के हर कोने और गांव-गांव तक फैले डाकघरों और डाक सेवाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक बैंकिंग एवं बीमा सेवाएं आसानी से पहुंचे। इस विशेष शिविर से आमजन विशेष रूप से लाभान्वित होंगे और न्यूनतम प्रीमियम पर जीवन की अनिश्चितताओं के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकेंगे। बिलासपुर के सभी डाकघरों में यह शिविर लगाया जा रहा है एवं इसके माध्यम से आम जनता को लाभान्वित कर उनके सुरक्षित भविष्य, परिजनों के लिए इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है।




आयोजन

## संस्कृत सम्मेलन में रेखेंद्र ने लिया हिस्सा, हुआ सम्मान



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण सभा एवं संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विराट संस्कृत विद्वत सम्मेलन का आयोजन रायपुर में सीएम विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इसमें आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेन्द्र तिवारी बिलासपुर ने भाग लिया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने समाज के विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर तीन सदस्यों का सम्मान किया। इसमें छत्तीसगढ़ी, मराठी, उडिया, हिन्दी व अंग्रेजी के ज्ञाता छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला चिकित्सक एमडी रिमेटोलाजिस्ट डा. अश्लेषा शुक्ला दुबे शामिल रही। सीएम ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ के गठिया वात, संधि रोग के मरीजों को लाभ प्राप्त होगा। प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला को विश्वविद्यालय में ए प्लस रैंक नैक द्वारा दिए जाने पर बधाई दी।

कार्यक्रम

## श्रीमद्भगवगीता हिंसक युद्ध नहीं बल्कि मनोविज्ञान का अद्वितीय शास्त्र

**बिलासपुर।** आम के स्वाद का वर्णन सुनकर उसके स्वाद का अनुभव नहीं कर सकते, इसके लिये आपको उस आम का सेवन कर स्वयं अनुभव करना होता है, इसी प्रकार परमात्मा के प्यार का अनुभव करने से ही उनके द्वारा दिये ज्ञान एवं प्यार की स्मृति आपके दिल में ऐसे बस जायेगी फिर चाहे कोई कितना भी शकुनि बनकर भटकाने की कोशिश करे आप परमात्मा का दर छोड़ नहीं पाएंगे। यह बातें ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में श्रीमद्भगवद्गीता की राह- वाह जिन्दगी वाह के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता ऊपरी तौर पर युद्धशास्त्र दिखाई पड़ता है पर वास्तव में यह मनोविज्ञान का अद्वितीय शास्त्र है। गहराई से अध्ययन करने पर इसमे स्वयं के अंदर के, सामाजिक, वैश्विक, पारिवारिक समस्याओं का समाधान मिलता है। सातवें अध्याय का चिंतन पितृपक्ष में विशेष रूप से किया जाता है। शास्त्रों में वर्णित कौरव-पांडव के नाम गुणवाचक है, युद्ध में स्थिरबुद्धि को युधिष्ठिर, ज्ञान अर्जन करने वालों को अर्जुन, शक्तिशाली इच्छाशक्ति वालों को भीम, समदृष्टि रखने वालों को नकुल,श्रेष्ठ कार्यों में सहयोगी को सहदेव एवं बुरे कर्म करने वालों के नाम दु अक्षर से प्रारंभ कौरव के रूप माँ दर्शाया गया है।



आयोजन

## ब्राह्मण समाज की बैठक में सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी



**बिलासपुर।** ब्राह्मण समाज के सभी वर्गों को जोड़कर एकजुटता लाने के उद्देश्य से शिव टॉकीज चौक स्थित होटल में समाज को नित्य नए आयाम तक पहुंचाने एक नई टीम का गठन कर बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी ने एक स्वर को इस नई टीम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का प्रण लिया। आयोजनकर्ता चंद्रशेखर वाजपेई के द्वारा आयोजित इस बैठक में सीनियरो के साथ युवा टीम से समाज के उत्थान को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा कि गई। मंच का संचालन पूनम शुक्ला ने किया। बैठक की रूपरेखा तैयार करने में प्रदीप शर्मा की अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष के रूप में चंद्रशेखर वाजपेई एवं महिला विंग से रानी घनश्याम तिवारी और उपाध्यक्ष अपर्णा दुबे को नियुक्त किया गया है। वही नरेंद्र, पवन तिवारी, श्री पाण्डेय, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी राजकिशोर पांडे और श्री शर्मा, संरक्षक जय नारायण बाजपेई, अनुराग भास्कर प्रभारी इसी तरह अन्य को भी जिम्मेदारी दी गई।

# नदी, तालाबों में किया गया पितरों का तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**रविवार 7 सितंबर से पितृ पक्ष आरंभ हो गया है। यह 21 सितंबर तक चलेगा। सोमवार को शहर के लोगों ने तालाब, अरपा में जाकर अपने पितरों का तर्पण कर उनसे आशीर्वाद लिया। उनके निमित्त गरीबों व ब्राम्हणों को भोजन खिलाया गया।**

पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों को याद करने का दिन रहता है। इस पक्ष में पितरों के निमित्त श्राद्ध और तर्पण जरूरी होता है। यदि पितृ गण खुश होते हैं तो परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। श्राद्ध-तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। यही वजह है कि लोग पितृ पक्ष में विशेष रूप से अपने-अपने पितरों को पानी देकर उनसे आशीर्वाद लेते हैं। कौए और कुत्तों को भोजन कराते हैं। तर्पण देने का यह कार्य घरों, तालाबों, अरपा में किया गया। माना जाता है कि पीपल के पेड़ में पितरों का वास होता है। ऐसे में रात के समय खासकर सर्व पितृ अमावस्या की रात पीपल पेड़ के नीचे एक दीपक जलाने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। वहीं घर की दक्षिण दिशा में पितरों का वास होता है। ऐसे में पितृ पक्ष के दौरान प्रतिदिन घर की दक्षिण दिशा में एक दीपक जलाकर रखें। इस दीपक में सरसों का तेल डालें और इसे पितरों को समर्पित करें। ऐसा करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**पितरों का करें ध्यान**

रात को सोने से पहले शांत मन से अपने पितरों का ध्यान करें। उनसे अपनी गलतियों के लिए माफी व अपने जीवन में सुख-शांति बनाए रखने का आशीर्वाद मांगें।



पितृ पक्ष आरंभ
चलेगा 21 सितंबर तक

### ग्रहण का पितृ पक्ष पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता : डॉ. त्रिपाठी



ज्योतिषाचार्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. शत्रुघ्न त्रिपाठी का कहना है कि इस बार पितृ पक्ष के प्रथम दिन और अंतिम दिन ग्रहण से कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा , बल्कि यह शुभ संयोग माना जाता है। पितृपक्ष की शुरुआत में चंद्रग्रहण था। समापन 21 सितंबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ होगा। इस दिन सूर्यग्रहण है। यह भारत में दिखाई नहीं देगा। यह एक दुर्लभ संयोग है, जो कई दशकों बाद बना है। उनका कहना है कि ज्योतिषिय मान्यताओं के अनुसार ग्रहण के दौरान किए गए श्राद्ध, तर्पण और दान का फल कई गुना बढ़ जाता है। जिससे पितरों की आत्मा को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

अग्रसेन जयंती 22 को, हो रहे विविध आयोजन



# म्यूजिकल अंत्याक्षरी में गीतों की सजी महफिल

अग्रसेन जयंती समारोह की श्रृंखला में अग्रवाल नवयुवक समिति ने अग्रसेन अंत्याक्षरी म्यूजिकल कार्निवल का आयोजन किया। इसमें समाज के 150 से अधिक महिलाओं व पुरुषों ने नए-पुराने और देशभक्ति गीतों से महफिल सजाई। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में गीत-संगीत की धुन पर समाज के लोग जमकर झूमे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की जयंती 22 सितंबर को मनाई जाएगी। इसे लेकर अग्रवाल समाज ने भव्य तैयारियां शुरू कर दी है। जयंती पर्व के उपलक्ष्य में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। 20 दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला की शुरुआत आवरण कल से कल तक विषय से शुरू की गई। पहले दिन अग्रसेन भवन जूनी लाइन में सुबह रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शाम को मिनी स्टेडियम गांधी चौक में रोमांचक सिक्स ए साइड क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई।

आयोजकों में अनिल अग्रवाल (गुड़ाखू), कपिल जाजोदिया, चंदन, गौरव, जय, आशीष, डॉ. यश, अनिरुद्ध अग्रवाल, विनीत मित्तल, अजय तायल, पवन मित्तल, योगेश अग्रवाल, अनुप सिंधानिया, विष्णु अग्रवाल और सीए प्रतीक मित्तल शामिल रहे।




**दिए गए सरप्राइज इनाम :** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के रामअवतार अग्रवाल, शिव अग्रवाल, भोलाराम मित्तल, अंकूर अग्रवाल का सम्मान किया गया। पंचुअल्टी का इनाम रेखा गोयल व निशा मोदी को दिया गया। अग्रसेन महराज के जीवन पर आधारित पूछे गए प्रश्न में पांच सरप्राईज गिफ्ट दिए गए। कृष्ण के वेश में रहे प्रतिभागी बच्चों को बंशी व राधा के वेश में रहे प्रतिभागियों को चॉकलेट व गिफ्ट प्रदान किया गया। अग्रसेन व राधा-कृष्ण युगल जोड़ी के भजन गाए गए।

### आस्था, उत्सव का है प्रतीक

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने समाज के लोगों को जयंती पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अग्रसेन जयंती समाज के लिए आस्था और उत्सव का प्रतीक है। आज वे अपने परिवार के बीच आए हैं और इस आत्मीय रिश्ते को निभाना उसके लिए सौभाग्य की बात है।

### कृष्ण-राधा के रूप में बच्चों ने मोहा मन



अग्रसेन जयंती कार्यक्रम के तहत सोमवार को अखिल भारतीय महिला समिति ने कृष्ण-राधा के विभिन्न रूप बनो प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता की आयोजिका आशा अग्रवाल, ऊषा सुल्तानिया, रजनी अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, वंदना जाजोदिया, ज्योति सुल्तानिया, ऊषा अग्रवाल, सुनीता चौधरी रहीं। इसमें समाज के बच्चों ने कृष्ण-राधा के आकर्षक रूप में आकर लोगों का मन मोह लिया। वहीं महिलाओं के लिए फ्रेश फूलों की माला बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें समयबद्धता का इनाम सपना बंसल, पल्लवी टिबरेवाल को मिला। इस कार्यक्रम की आयोजिका पिंकी सिंघानिया, शीतल अमित अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, नम्रता चौधरी, नूपुर, मेघा जाजोदिया, ईशा निशानिया, ऊषा नोपनी, निकिता राहुल अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, इंदु, पूनम मोंटू अग्रवाल रहीं। इस मौके पर अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल के साथ पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही।

# सफल जीवन में शिक्षक की बड़ी भूमिका




पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में शिक्षक दिवस एवं विश्व साक्षरता दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो एस पी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि प्रो अशोक मित्तल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वी के सारस्वत ने की।

### विद्यार्थी विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपने उद्बोधन में विशिष्ट अतिथि प्रो. अशोक मित्तल ने कहा कि "एक अच्छा शिक्षक वही है जो पहले एक अच्छा इंसान हो। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सदैव छात्रों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए, क्योंकि छात्र हैं तो शिक्षक का अस्तित्व है।

मुख्य अतिथि प्रो एस पी सिंह ने कहा कि "साक्षरता केवल डिग्री का नाम नहीं है, बल्कि यह मानवता एवं व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास से जुड़ी है।" उन्होंने कहा कि आज साक्षरता के अभाव के कारण हमारी संस्कृति का ह्रास हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि "अच्छा व्यवहार" ही किसी शिक्षक का सबसे बड़ा गुण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो वी के सारस्वत ने कहा कि शिक्षक और साक्षरता एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा सफल जीवन में शिक्षक की बड़ी भूमिका होती है। शिक्षक का कार्य विद्यार्थी की गलतियों को क्षमा कर उसे ऊँचाइयों तक पहुँचाना है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।" उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों का समाधान तभी संभव है जब शिक्षक अपने विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े रहें। कार्यक्रम का सफल आयोजन विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं समाजशास्त्र-समाजकार्य विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव भुवन सिंह राज, डॉ हीरालाल शर्मा, डॉ धनंजय मिश्र, डॉ. बीना सिंह सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



स्पोर्ट्स न्यूज

# शतरंज एवं टेबल टेनिस स्पर्धा का समापन, अंडर 17 से 19 बालक शामिल

क्षेत्रीय इकाई विद्या भारती मध्यक्षेत्र द्वारा 4 सितंबर से प्रारंभ 36 वीं क्षेत्रीय खेल, शतरंज एवं टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता का समापन 8 सितंबर को हो गया। इससे पहले 6 से 8 सितंबर तक मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ व टेबल टेनिस की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रांतीय एवं क्षेत्रीय शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन विधिवत हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्य अतिथि सशिमं तिलक नगर के पूर्व छात्र डॉ सिद्धार्थ वर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ राजकुमार सचदेव व विशिष्ट अतिथि डॉ तरुणधर दीवान थे। अभ्यागत रविन्द्र नाथ मिश्रा और कार्यक्रम संयोजक भुवन सिंह राज, राजेन्द्र शर्मा, प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, प्रांतीय सह खेल प्रमुख अनुपम दुबे थे। प्रतियोगिता राममंदिर भवन चांटापारा तिलक नगर में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन अनुपम दुबे ने किया। विद्यालय के प्राचार्य राकेश पाण्डेय ने बताया कि 8 सितंबर को आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी आचार्य, आचार्या का सहयोग रहा। यह जानकारी सीमा दुबे और अदिती यादव ने दी। इससे पहले उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि डा. प्रशांत द्विवेदी थे। अध्यक्षता गेंदराम राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि दिवाकर स्वर्णकार थे। विजेता बालक में बिलासपुर विभाग, उप विजेता राजनांदगांव विभाग, बालिकाओं में विजेता दुर्ग विभाग, उप विजेता बिलासपुर विभाग रही। अंडर 17 वर्ष में बालक विजेता दुर्ग विभाग, उप विजेता बिलासपुर रही। बालिका विजेता दुर्ग विभाग, उप विजेता बिलासपुर, अंडर 19 में बालक विजेता दुर्ग विभाग, उप विजेता राजिम, बालिका विजेता दुर्ग विभाग उपविजेता बिलासपुर रही। ओवर आल चैंपियनशिप दुर्ग डिवीजन को मिला। वहीं 6 से 8 सितंबर तक मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ व टेबल टेनिस की प्रतियोगिता आयोजित की गई।



## खबर संक्षेप

### सामाजिक समरसता एवं सद्भावना सम्मेलन आज

**रतनपुर।** मोरध्वज कला मंच एवं महामाया यूथ पार्लियामेंट रतनपुर की ओर से प्रदेश स्तरीय सामाजिक समरसता एवं सद्भावना सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को महामाया मंदिर परिसर रतनपुर मे सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मप्र मछुवारा कल्याण बोर्ड सीताराम बाथम एवं कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव उपस्थिति रहेंगे। सम्मेलन के मुख्य विषय के लिए 11 बजे से 1.30 तक, आंचलिक प्रतिभा सम्मान के लिए 2.30 बजे से 5 बजे तक एवं भोजन अवकाश के लिए 1.30 बजे से 2.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इसमें भारतीय राजनीति में युवाओं का योगदान, नशा मुक्त भारत, मोबाईल का बढ़ता दुष्प्रभाव, निबंध प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके बाद स्वच्छता दीदी, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उपचारिका, सफाईकर्मी एवं समाज के प्रतिभावन छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

### मनोज एवं तिलक बने सतर्कता एवं निगरानी समिति के सदस्य





**सकरी।** राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति का गठन सांसद तोखन साहू की अध्यक्षता में किया गया। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर तखतपुर विकासखंड के सकरी निवासी मनोज साहू एवं तखतपुर निवासी तिलक देवांगन को पंचायती राज संस्था का प्रतिनिधि सदस्य बनाया गया है। इस आशय का आदेश कलेक्टर बिलासपुर ने जारी किया है।

### गर्ल्स कालेज में संगोष्ठी लैब का लोकार्पण आज

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह के तत्वाधान में नगर के वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी व प्रयोगशाला कक्ष का लोकार्पण एवं जन भागीदारी समिति के दानदाताओं का सम्मान कार्यक्रम मंगलवार दोपहर 3 बजे से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य डॉक्टर सुभदा रहालकर करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सरला बंसी पांडे, मुख्य वक्ता के रूप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की राजनीतिक शास्त्र की प्रोफेसर अनुपमा सक्सेना शामिल होंगी। यह जानकारी असिस्टेंट प्रोफेसर अनुश्री पांडेय ने दी है।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर युवक की पिटाई

**तखतपुर।** कीर्तन के दौरान गणेश पंडाल के पास गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाश ने युवक के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार साल्हेकापा निवासी सोनो रजक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 6 सितम्बर को रात 10 बजे गणेश पंडाल के पास कीर्तन चल रहा था। इसी दौरान गांव का युवक जोहित निषाद पंडाल के पास आया और गाली-गलौज करने लगा। सोनो रजक ने ऐसा करने से मना किया तो, जोहित ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2, 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

## निधन

### राजेश्वरी गुप्ता



**सकरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 के प्रतिष्ठित व्यापारी संजय गुप्ता की धर्मपत्नी राजेश्वरी गुप्ता का 49 वर्ष की आयु में 8 सितंबर सोमवार की सुबह निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शुभम, खुशी एवं हर्ष गुप्ता की मां थीं।

### गीता मानिकपुरी



**मुंगेली।** ग्राम दशरंगपुर निवासी गीता मानिकपुरी पिता लक्ष्मणदास उम्र 45 वर्ष का निधन 6 सितंबर को हो गया। वे राजू मानिकपुरी की बहन थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## टंकी का मलबा गिर रहा सिर पर, समस्या का अब तक नहीं हो सका निराकरण

# 15 वर्ष पूर्व बनी पानी टंकी जर्जर, मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

समीपस्थ ग्राम कौड़िया में 15 साल पुरानी पानी टंकी जर्जर हो चुकी है। टंकी कभी भी गिर सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है। टंकी का मलबा रोज नीचे गिर रहा है, जिससे खतरा बना हुआ है।

ग्राम कौड़िया के संतोषी चौक, वार्ड क्रमांक 2 में स्थित करीब 15 वर्ष पुरानी पानी टंकी आज ग्रामीणों के लिए जीवनदायिनी नहीं, बल्कि मौत का साया बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक इस टंकी से एक बूंद पानी भी नहीं मिल पाया, लेकिन आज इसकी जर्जर हालत से पूरा मोहल्ला दहशत में जी रहा है। बीते दिनों बारिश के दौरान टंकी की बीम और छड़ भरभराकर गिर गईं। कभी सीढ़ियां टूटकर राहगीरों को घायल कर देती हैं तो कभी सरिया और कांक्रीट के टुकड़े गिरकर लोगों को चोट पहुँचा देते हैं।

सर्वे के बाद भी कार्रवाई ठप- पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सन 2021 में ही इस टंकी का सर्वे कराया गया था। सर्वे टीम ने इसे डिस्मेंटल (धराशाई) करने की सिफारिश की थी, लेकिन चार साल गुजर जाने के बाद भी फाइलें सरकारी दफ्तरों में धूल खा रही हैं। कई बार जनसमस्या निवारण शिविर में भी आवेदन दिया गया, मगर विभाग की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया।

सरपंच व जनप्रतिनिधियों का दर्द
वर्तमान सरपंच सरिता परमेश्वर राठौर का कहना है कि पानी टंकी बीते 15 सालों से जर्जर है। शासन प्रशासन को लगातार आवेदन देने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। सरपंच प्रतिनिधि धनेश्वर राठौर ने बताया कि साढ़े तीन महीने पहले सुशासन तिहार के दौरान भी पीएचई विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते इसे गिराया नहीं गया, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। वार्ड पंच गायत्री राठौर ने कहा कि यदि कोई गंभीर दुर्घटना होती है तो ग्रामीण सीधे पंच सरपंच पर दबाव डालते हैं। गांव के निवासी 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला दशमत बाई गन्धर्व ने बताया कि पानी भरते समय उनके सिर पर टंकी का बड़ा टुकड़ा गिरने से उन्हें गंभीर चोट आई थी। वहीं सूरज क्षत्रिय ने बताया कि हाल ही में पानी भरते वक्त सीमेंट का सरिया गिरकर उनके पैर में गहरी चोट लगी।





जर्जर पानी टंकी, जिसके कभी भी गिरने का बना रहता है खतरा।

### खतरे के बीच जी रहे लोग

टंकी के नीचे ही गांव का एकमात्र हैंडपंप है, जिससे लोग रोज़ाना पीने का पानी भरते हैं। बाजू में किराना दुकान भी है जहां दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। इतना ही नहीं, कुछ ग्रामीणों ने टंकी के नीचे गौशाला बना दी है। इससे वहां बंधे पशु भी मौत के साए में जी रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी पर अक्सर बंदरों की उछलकूद से भी इसके हिस्से टूटकर नीचे गिरते रहते हैं।

### हादसे से पहले हो कार्यवाही

ग्रामीणों का कहना है कि यह टंकी सिर्फ बनाकर छोड़ दी गई योजना का हिस्सा है, जो कभी सफल नहीं हो सकी। अब यह टंकी गांववासियों के लिए खौफ का ढांचा बन चुकी है। लोगों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस टंकी को धराशायी कर नया निर्माण किया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले लोगों की जान सुरक्षित हो सके। स्पष्ट है कि यदि अब भी प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो यह जर्जर टंकी कभी भी बड़ी त्रासदी को जन्म दे सकती है।



## सकर्रा विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

# सरस्वती साइकल योजना से बालिका शिक्षा दर में हुई वृद्धि: धर्मजीत

**सकरी।** विद्यालय शिक्षा का एक मंदिर है, जहां छात्र-छात्राएं ज्ञान प्राप्त कर अपनी भविष्य निर्माण की बुनियाद रखते हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार के सरस्वती साइकिल योजना से बालिका शिक्षा में वृद्धि हुई है, निश्चित ही ये बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में वरदान सिद्ध हुआ है।

उक्त बातें ग्राम सकर्रा शासकीय उमा शाला में आयोजित अतिरिक्त कक्ष लोकार्पण एवं साइकल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, विधायक धर्मजीत सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किया है। इन्होंने मांग एवं जरूरत के अनुरूप अपने 22 महीने के कार्यकाल में शासकीय विद्यालयों में लगभग 8 करोड़ की लागत से शेड, अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, बाउंड्रीवाल, किचन शेड निर्माण आदि का कार्य कराया है। इससे समझा जा सकता है कि, वे शिक्षा के प्रति कितने संवेदनशील हैं। कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति अंबिका विनोद साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष अमलेंदु गौरहा, सरपंच प्रतिनिधि श्यामता कौशिक ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य रमाकांत पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर जितेन्द्र कौशिक, अंकुश, कृष, जय धनकर, सतीश साहू, संगम बंजारे, परमेश्वर साहू, सहोरिक खैरवार, सागर सरपंच प्रतिनिधि दशरथ पाण्डेय, बिरज यादव, घनश्याम यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए चयनित हुए कौशिक

**बिलासपुर।** शिक्षक जय कौशिक के समर्पण व मेहनत ने तिफरा स्कूल को एक नई पहचान दिलाई है। इसी को लेकर उनके नाम की घोषणा राज्य शिक्षक सम्मान के लिए की गई है।

वर्तमान सेजेस तिफरा के व्याख्याता जय कौशिक ने अपने 17 वर्षों के शिक्षक जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। वर्ष 2008 में स्कूल में केवल 300 बच्चे थे, जिनकी संख्या बढ़कर आज 2 हजार 500 हो गई है। अगले दो वर्षों में यह संख्या 3 हजार के ऊपर पहुंचने की संभावना है। यह बदलाव शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, प्राचार्य व शाला विकास समिति के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। जय कौशिक की सहभागिता से स्कूल में शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल के साथ लगातार शासन के निर्देशानुसार गतिविधियों को नई दिशा मिली है। बोर्ड परीक्षा में लगातार शत प्रतिशत परिणाम, 2019-20 में छात्रा मानवी कौशिक का बोर्ड परीक्षा में



छत्तीसगढ़ में टॉप 10 में स्थान, 2024 में 100 बच्चों का बारहवीं बोर्ड में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होना और 2024 में तिफरा की छात्रा सुमन कैवर्त का भाभा परमाणु रिसर्च सेंटर हैदराबाद में जूनियर वैज्ञानिक के रुप में चयन तिफरा स्कूल की उपलब्धियों के प्रमाण हैं।

राज्यपाल सम्मान मिलने की घोषणा होने पर संकुल प्राचार्य डा विश्वनाथ कश्यप, संकुल समन्वयक सुनील पाण्डेय, व्याख्याता रवि दुबे, रंजीत बनर्जी, सुधा दुबे, रईसा बेगम और संकुल के सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संकुल तिफरा के अन्य शिक्षकों को भी ऐसे ही कार्य करने के प्रेरित किया।

### लाइवलीहुड कॉलेज में प्लेसमेंट कैम्प 11 को

**मुंगेली।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र मुंगेली द्वारा जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में 11 सितम्बर को सुबह 11 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 3 निजी कंपनियों द्वारा कुल 125 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में केयर टेकर, नर्सिंग, फील्ड आफिसर, एग्रीकल्चर आफिसर, बीमा सखी और एडवाईजर आदि के पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, जीडीए, नर्सिंग तथा बीएससी एग्रीकल्चर आदि निर्धारित की गई है। योग्य एवं इच्छुक आवेदक अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ कैम्प में उपस्थित हो सकते हैं।

# समाज कल्याण के लिए साय सरकार सतत प्रयासरत: कौशिक

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक न्यायधानी बिलासपुर अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल, हरदी कला में छत्तीसगढ़ निषाद समाज बिलासपुर परिक्षेत्र द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो भेट किया एवं समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। साथ ही वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि निषाद समाज का यह आयोजन बहुत अच्छा प्रयास है। सामाजिक एकता बहुत जरूरी है। समाज में सभी समान होते हैं, कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। समाज से सिर्फ समाज को ही फायदा नहीं होता बल्कि समाज के साथ-साथ देश भी मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ा है। उन्होंने समाज प्रमुखों से सभी को शिक्षा का महत्व बताते हुए शिक्षा से जुड़ने की अपील की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने लगातार जनहित में निर्णय लेकर स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला अयोध्या दर्शन ,प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत, दो वर्ष का बकाया बोनस प्रदान जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। देश और प्रदेश की उन्नति, प्रगति और विकास के लिए हमारी सरकार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि निषाद समाज मेहनतकश समाज है। निषाद समाज स्वाभिमान के साथ आपनी अलग पहचान बनाए हुए है। परंपरागत व्यवसाय के अलावा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समाज मजबूती से आगे बढ़ रहा है। हमारी सरकार सभी समाज को एक साथ लेकर चल रही है सभी समाज के कल्याण के हमारी सरकार काम कर रही विभिन्न समाजों के मांग पर भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान किया जा रहा है श्री कौशिक ने कहा कि सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है इसलिए योजनाओं के माध्यम से आम लोगों की जेब में पैसा पहुंचने आम लोगो की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। प्रदेश में मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन हैं।



महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देते विधायक धरम लाल कौशिक।

■ निषाद समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए पूर्व विस अध्यक्ष

# शिक्षक दीपक के समान होते हैं जो दूसरों के जीवन में रोशनी लाते हैं: राजू



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शिक्षक एक दीपक के समान हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को उजाले से भरते हैं। वे छात्रों में आत्मविश्वास जगाते हैं, उनके भीतर छुपी प्रतिभा को पहचानते हैं और उन्हें निखारते हैं। शिक्षक समाज का आधार होते हैं। यदि शिक्षक सम्मानित होंगे, तो शिक्षा की गुणवत्ता और नैतिकता बनी रहेगी।

सम्मान से शिक्षक प्रेरित होते हैं और वे और भी मन लगाकर समाज निर्माण में योगदान देते हैं। उक्त बातें राजपूत क्षत्रीय समाज की ओर से आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजू सिंह क्षत्री ने कही। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश सुरेश सिंह एवं आभार प्रदर्शन ज्ञानेश्वर सिंह ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर, भगवान सिंह ठाकुर, कुलदीप सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, विनिता सिंह, ममता सिंह, शिव पाल सिंह, हूप सिंह, रवि सिंह, रघुराज सिंह, मोरध्वज सिंह, देवराज सिंह, केदार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, बृजलाल सिंह, गायत्री सिंह, राम सिंह, अशोक सिंह, राम किशोर सिंह, डिम्पल सिंह, प्रतिभा सिंह, प्रियंका सिंह, ममता सिंह, भारती सिंह, रामस्नेही सिंह, शवि कुमार सिंह, धन सिंह योगेश्वर सिंह, शत्रुहन सिंह, राजकुमार सिंह, धनंजय सिंह, हीरा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शिवलिंग चोरी की अफवाह पर विराम, मलबे में दबी मिलीं मूर्तियां



**रतनपुर।** नगर के बिकमा तालाब के पास सैकड़ों वर्ष पुराना जीर्णशीर्ण शिव मंदिर मौजूद था, जिसकी पूजा-अर्चना लोग तालाब में स्नान करने के बाद करते थे। बताया जा रहा है कि, मंदिर की स्थिति बेहद जर्जर थी और पूर्व में भी इसके कुछ पाए गिर गए थे, जिसकी सूचना पुरातत्व विभाग के साथ महामाया मंदिर ट्रस्ट को भी दी गई थी।

मंदिर के जीर्णोद्धार की योजना चल ही रही थी, कि इसी दौरान 7 सितंबर की रात मंदिर ढह गया। सुबह नगरपालिका परिषद के कर्मचारी ने इसकी सूचना वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद मनोज पाटले को दी। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को मिली तो कुछ लोगों ने जेसीबी की मदद से मलबा हटा दिया। इस दौरान वहां शिवलिंग नहीं मिला। इसके बाद मीडिया में यह खबर फैल गई की किसी ने मंदिर को ढहा दिया है, और शिवलिंग की चोरी कर ली गई है, जिससे क्षेत्र में तनाव फैलने लगा। सोमवार को वार्ड पार्षद मनोज पाटले मौके पर पहुंचे और ढूंढने का कोशिश की तो पर शिवलिंग, जलहरी और नंदी जी मिल गए, जो मंदिर के मलबे में दब गए थे। मनोज पाटले ने बताया कि, मंदिर बेहद जीर्णशीर्ण स्थिति में था, इस कारण वह मौसम की मार नहीं झेल पाया और ढह गया। मंदिर में स्थापित शिवलिंग कहीं नहीं गया है, वह वहीं मौजूद है, जिसकी पुनर्स्थापना की बात कही जा रही है।

# रैली और नुक्कड़ के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय प्रांगण से नवाडीह चौक तक भव्य रैली निकाली गई।

रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को राज्य स्थापना के बाद बीते 25 वर्षों की प्रगति, विकास और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। नवाडीह चौक पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने विकसित छत्तीसगढ़ की थीम पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के जरिए आम नागरिकों की भूमिका, स्वच्छता, सरकारी योजनाओं, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाते हुए ग्रामीणों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रघुनंदन पटेल, डॉ एमडी स्वर्णकार, नीना बखरिया, श्वेता पंड्या, डॉ शुभ्रा मिश्रा, डॉ के वेणु अचारी, जीवन प्रभाकर गोरे, डॉ हेमपुष्पा नायक, वंदना श्रीवास्तव, भूपेन्द्र देवांगन, डॉ पूजा यादव, दीपेश जोशी, धनंजय टंडन, कमलेश सिंह, विमल तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### डीजे बंद कराने पर युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** गणेश विसर्जन में डीजे बंद कराने की बात पर युवक के साथ मारपीट कर दी गई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भिलौनी निवासी महेश यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि, रविवार 7 सितम्बर को गणेश विसर्जन के लिए गांव में डीजे लगा हुआ था। रात होने पर मैंने डीजे की परमिशन नहीं होने की बात कह कर डीजे बंद करा दिया, और सभी अपने घर आ गए। कुछ देर बाद गांव का रितेश यादव, अभिषेक यादव, प्रेमचंद यादव, राजेश उर्फ लल्लू, उमेश यादव, धनसाय यादव शाम 7 बजे बलेनो कार सीजी 10 एजेड 6535 और दुपहिया में सवार होकर मेरे घर के पास आए और मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../2025
ग्राम तुलसीकापा प.ह.नं. .....

ग्राम तुलसीकापा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामपाल सिंह आ. रामप्रकाश जाति निवासी तुलसीकापा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा आत्मरक्षा हेतु शस्त्र- 12 बोर डबल बैरल लायसेंस के संबंध आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 12.09.2025 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सकरी, जिला बिलासपुर**

**ईश्तहार**

ग्राम पांड तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ... तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम कुमार कोरी पिता चैतुराम कोरी निवासी सरकण्डा बिलासपुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने पुत्र शुभांषु कोरी पिता राम कुमार की जन्म/ मृत्यु स्थान पांड में दिनांक 04.08.2010 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/ मृत्यु, ग्राम पंचायत/ नगर पालिक निगम पांड को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 12.09.2025 को अपना आपत्ति- दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति - दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सकरी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-784** मूल आबंटी **श्रीमती अर्चना शर्मा** पति श्री विपिन शर्मा के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 04.04.2007 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम **श्री लीलाराम राजपूत** पिता **श्री धनंजय राजपूत** को विक्रय करना चाहते हैं। जिसके लिए विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर छ.ग.**
**उद्घोषण प्रारूप ''ख''**
(नियम 2 देखिये)

ई.रा.प्र.क्र...../अ-27/24-25, ग्राम सेन्दरी
क्रमांक/क/तह./वा./2025 बिलासपुर
दिनांक 4/9/2025

क्योंकि मौजा सेन्दरी तहसील बिलासपुर के सह भू-धारी चैतराम साहू पिता स्व.देवारीलाल साहू निवासी सेन्दरी तह. व जिला-बिलासपुर के निम्न अनुसूचियों में निर्दिष्ट खाते में अपने भाग के बंटवारे के लिए आवेदन किये हैं, तथा क्योंकि उक्त खाते का विभाजन किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 29/9/25 को 11.00 बजे तहसील कार्यालय 29/9/25 में नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वयं या किसी अभिभावक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। खाते का विवरण-खसरा क्रमांक 389/2, 971/2, 1503/1 (शामिल 1509/1, 1510/3, 1516/3) (शामिल 1517/2), 1522/8, 1537/6, 1562/4, रकबा 0.0200 हे., 0.1100 हे. 0.2590 हे., 0.3630 हे., 0.0200 हे. 0.0770 हे. 0.0370 हे. लगान।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**
**:: ईश्तहार प्रकाशन ::**

क्र.896/वाचक/ना.तह./2025 बोदरी, बिलासपुर दिनांक 29/08/2025, ग्राम-कड़ार

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कड़ार को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विजया सिन्हा पति गनेश कुमार सिन्हा जाति कायस्थ निवासी सांई विहार कॉलोनी यदुनंदन नगर तिफरा तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम कड़ार म.नं. 02, प.ह.नं. 07 में स्थित ख.नं. 64/12, 64/18 रकबा क्रमशः 0.0250, 0.0240 हे. भूमि को आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण हो जाने का उल्लेख करते हुए उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/09/2025 को या उसके पूर्व न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**बोदरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28

एतद् द्वारा ग्राम ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आवेदकगण रोशन देवांगन उम्र 51 एवं नर्मदा देवांगन उम्र 40 वर्ष पिसरान गणेशराम देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तह. व थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में ख.नं. 347/21 रकबा 0.0116 हे0 भूमि स्थित है। जो कि आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 प्रस्तुत किया गया हैं को स्वीकार कर आवेदकगण के नाम पर 1/2, 1/2 भाग का खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 22/09/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार तखतपुर**

**आम सूचना का खंडन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दि. 02/09/25 को दैनिक समाचार पत्र हरि भूमि में श्री विश्वनाथ पटेल पिता स्व. सुधाराम पटेल निवासी ग्राम लोखण्डी तह. सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने अधिवक्ता श्री संजय कुमार कौशिक के द्वारा प्रकाशित करवाए गए आम सूचना का खण्डन करते हुए सर्वसाधारण को सूचित हो कि भूमिस्वामी श्री रोहित लहरे पिता श्री उमराव लहरे, श्रीमती देवकी लहरे पति श्री रोहित लहरे, हरीश कुमार लहरे पिता श्री रोहित लहरे निवासी हैवेंस अपार्टमेंट मंगला चौक बिलासपुर के नाम पर ग्राम तुरकाडीह प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नं. 463/3, 469/1, 470/3, 455/2, 455/4, 463/1, 469/2, 469/3, 642/2 का कुल रकबा 2.10 एकड़ भूमि मेरे द्वारा अनुबंधित है जोकि मेरे द्वारा चेक के माध्यम से बयाना राशि भी भूस्वामी को दी जा चुकी है तथा भूस्वामी के द्वारा विधिवत सीमांकन कराए जाने एवं रजिस्ट्री से संबंधित कागजात उपलब्ध कराए जाने के पश्चात पंजीयन होना है,जिसके लिए खंडनकर्ता इच्छुक, तत्पर, सक्षम है,अतः कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि को क्रय-विक्रय न करें यदि कोई करता है तो उसे होने वाले नुकसान का वह स्वयं जिम्मेदार होगा, सो सूचना जानें।

भवदीय
**प्रकाश कुमार गुप्ता**
**चंदेला नगर रिंग रोड नं. 2**
**बिलासपुर मो. 9039060184**

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा 17 से



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा जिला बिलासपुर शहर की जिला स्तरीय कार्यशाला 8 सितम्बर को लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। मुख्यवक्ता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शंकर अग्रवाल ने कहा कि देश का सर्वांगीण विकास एवं निरंतर ऊंचाईयों पर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस 17 सितम्बर को है। सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम में लोगों को इस अभियान में जोड़ना है। क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने बताया कि स्वच्छता अभियान, एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग और प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तकों का वितरण, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी बैठक में शहर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बिलासपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, महापौर पूजा विधानी आदि मौजूद थीं।

### हड़बड़ी में डाला गया गैस पाइप आवागमन में बना बाधक



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक के करीब लापरवाही पूर्वक बिछाए गए गैस पाइप से राहगीरों को आवागमन में बाधा हो रही है। पाईप लाइन बिछाने के बाद वैसे तो ज्यादातर हिस्सा मिट्टी में दबाया गया है, लेकिन अंतिम हिस्से को नहीं दबाए जाने के कारण पाईप पूरी तरह सड़क खड़ा है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। चूंकि यह मार्ग चौबीसों घंटे आवाजाही वाला है, जिससे किसी दिन वाहन चालक इस पाईप लाईन के चक्कर में हादसे का शिकार हो सकते हैं।

### आल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की बैठक



**बिलासपुर।** दो दिवसीय एआईएसएमए एस्मा यानि आल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के केन्द्रीय कार्यकारी समिति की बैठक बल्ले-बल्ले रेस्टोरेंट में हुई, जिसका समापन सोमवार को किया गया। इसमें देश भर के सैकड़ों स्टेशन मास्टर शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने सभी स्टेशन मास्टर को संबोधित किया। उन्हें स्टेशन मास्टर से संबंधित समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया गया, जिसपर श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्टेशन मास्टरों की समस्या ओपीएस, एडिशनल स्टेशन मास्टर, सभी स्टेशन आफिस में एसी और आरओ जल की व्यवस्था, रात्रि ड्यूटी भत्ता सहित अन्य विषयों पर गहन मंथन किया गया। वहीं दूसरे दिन सोमवार को अंतिम दिन स्टेशन मास्टर की एडिशनल स्टेशन मास्टर, सभी स्टेशन मास्टर आफिस में एसी और आरओ, रात्रि ड्यूटी भत्ता, ओपीएस इत्यादि व अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि बिलासपुर रेल मंडल के सीनियर डीओएम कोचिंग विशाल गर्ग ने स्टेशन मास्टर की समस्याओं का निराकरण करने आश्वासन दिया। इस अवसर पर आल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के सेन्ट्रल प्रेसीडेंट प्रमोद कुमार, जनरल सेक्रेट्री शरदचंद पुरोही, डिप्टी एसजी एके श्रीवास्तव, वेणु टी, पीके दास, जॉन विसेंट, सुधीर गरूण, विजय पाटिल सहित बड़ी संख्या में स्टेशन मास्टर मौजूद थे।

### एसएसपी ने ट्रांसपोर्ट कार्य, व्यवसाय से जुड़े लोगों की ली बैठक



**बिलासपुर।** आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वाहन परिवहन से संबंधित समस्त संघों/यूनियन जिसमे चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, ट्रांसपोर्ट यूनियन के सदस्यों, छोटी, मध्यम एवं हैवी ट्रकों के एसोसिएशन के सदस्यों, इलेक्ट्रिक एवं पैट्रोल,डीजल ऑटो संघ के सदस्यों तथा ट्रांसपोर्ट से जुड़े हुए समस्त व्यवसाईयों के विभिन्न यूनियन के सदस्यों बैठक आयोजित की गई। इसमें ऐसे समस्त ड्राइवर जिसने पिछले कुछ साल में कोई भी एक्सीडेंट नहीं किया हो ऐसे ड्राइवर को उसके सैलरी में इंसेंटिव देते हुए उनके सैलरी में वृद्धि करने के संदर्भ में आवश्यक चर्चा की गई। वहीं ऑटो मेटाडोर, ट्रक, बस एवं अन्य वाहनों के ऐसे ड्राइवर को ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक के द्वारा नॉमिनेट करते हुए उन्हें अन्य सार्वजनिक मंचों पर सम्मानित करने प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय या यातायात मुख्यालय भेजने अवगत कराया गया। जिले में ऑटो ड्राइवर द्वारा बेतरतीव तरीके से वाहनों के संचालन के संदर्भ में चर्चा की गई। इलेक्ट्रिक एवं पेट्रोल ऑटो संचालकों के यूनियन को यह निर्देशित भी किया गया की लापरवाह ऑटो चालकों पर नियंत्रण रखा जाए। अन्यथा नियमित रूप से की जा रही वाहन चेकिंग पर उनके विरुद्ध सख्त और अनिवार्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

**वार्ड में 12 बिस्तर एवं 4 वेंटिलेटर** | आपातकालीन स्थिति में भर्ती किए गए मरीज को मिल रहा बेहतर इलाज

# सिम्स का ट्रायज वार्ड दे रहा बेहतर इलाज, साढ़े 7 हजार मरीजों को किया गया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर के ट्रायज वार्ड को बने एक साल का समय बीत चुका है, इस दौरान 7622 मरीजों को यहां भर्ती किया गया है। मिनी ट्रामा की तरह मरीजों को इलाज की सुविधा मिल रही है, गंभीर और आपातकालीन स्थिति में भर्ती किए गए मरीज बेहतर इलाज मिल सका है।

ट्रायज की खास बात यह है कि इसे ट्रामा यूनिट की तरह सिम्स प्रबंधन उपयोग में ला रहा है, वार्ड में 12 बिस्तर एवं 4 वेंटिलेटर की सुविधा है। मेडिकल कालेज और अस्पताल के डाक्टर 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। सर्जरी, ऑर्थोपेडिक, ईएनटी और मेडिसिन विभाग के डाक्टरों की तीनों शिफ्टों में ड्यूटी लगाई जा रही है। सभी शिफ्ट में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और वार्ड बॉय की ड्यूटी रहती है, जिससे किसी भी आपाताकालीन स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त कॉल ऑन ड्यूटी भी डाक्टर की लगाई जाती है। गंभीर मरीजों के लिए बेडसाइड एक्स-रे और खून जांच की सुविधा मौजूद होने के कारण मरीजों की तत्काल ही जांच भी हो रही है।



### डीन और अधीक्षक की मेहनत रंग लाई

डीन डॉ. रमणेश मूर्ति और अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के मार्गदर्शन में ट्रायज वार्ड चलाया जा रहा है। आपातकालीन विभाग इंचार्ज डॉ. सुनील कुमार पेंद्रो, डॉ. आदिया सिंगरौल, डॉ. शैलेश पैकरा, डॉ. धनंजय निर्मलकर, डॉ. गिरिवार, नर्सिंग स्टाफ पुष्पलता शर्मा इंचार्ज, पल्लवी कौमार्य, उर्मिला भगत, पापीहा साहा, इंदुस्वाति मिंज, उपासना, संगीता, चांदनी तथा वार्ड बॉय संजय, सुनील, कबीर, रमेश, गोविंद, कमलेश, शिवरात्रि, विनोद, दया की टीम लगातार गंभीर मरीजों की सेवा कर रही है।

### दिखा रहे बेहतर परिणाम

ट्रायज वार्ड में गंभीर मरीजों का इलाज विशेषज्ञ डाक्टरों के समन्वय से किया जा रहा है, एक साल में 7 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया गया है। जो बेहतर परिणाम दिखा रहे हैं।

**-डॉ. रमणेश मूर्ति**,डीन, सिम्स

---



बंधवापारा स्थित शहीद भगत सिंह स्कूल परिसर में भरा पानी खाली होने के बाद अब कीचड़ फैल गया है।

### सशिमं के विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण

**बिलासपुर।** सक्षम छत्तीसगढ़ प्रांत के बिलासपुर इकाई ने नेत्रदान, नेत्र सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर नगोई, बैमा के मीडिल स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण, आई विजन टेस्ट किया। इसमें 170 में 10 विद्यार्थियों के नेत्रों में दृष्टि दोष पाया गया। सक्षम के माध्यम से इन्हें निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। नेत्र परीक्षण दूजराम यादव नेत्र सहायक अधिकारी ने किया। रेखा गुल्ला ने नेत्र सुरक्षा पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमारे नेत्र अमूल्य हैं। इन्हें संभाल कर रखना है। इस अवसर पर मदन मोहन गुल्ला, अनूप कुमार पांडेय, प्राचार्य बसंत सिंह ठाकुर सहित सभी आचार्य उपस्थित थे।

## साइंस कालेज मैदान में रावण दहन पर शुरू हुआ विवाद



**बिलासपुर।** अरपा पार सरकंडा परिक्षेत्र में सर्व समाज द्वारा अरपांचल लोकमंच समिति के तत्वावधान में साइंस कॉलेज मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम इस वर्ष विवादों के घेरे में आ गया है। रावण दहन को लेकर विवाद इतना अधिक बढ़ गया है कि आयोजन समिति के सदस्य जेल जाने को तैयार हैं। आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष भी दशहरा पर्व पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसके लिए समिति के सदस्यों ने जब साइंस कॉलेज प्रबंधन से अनुमति मांगी तो वे गोल मोल जवाब देते रहे।

- कालेज प्रबंधन ने नहीं दी अनुमति

समिति के अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने बताया कि पांचवें वर्ष में अनायास ही आटोनोमस साइंस कॉलेज प्रबंधन ने दशहरा समिति को अनुमति न देकर जिला प्रशासन के पाले में गेंद डाल दी है। 6 अगस्त को प्रशासन ने किसी अन्य व्यक्ति का भी उसी दिन उसी मैदान पर रावण दहन की अनुमति का आवेदन आने की बात बताते हुए कार्यक्रम की अनुमति नहीं देने का आदेश उन्हें प्रेषित किया। समिति के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने साइंस कॉलेज के प्राचार्य को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अनुमति देने में अपनी असमर्थता और ऊपर से दबाव होने की जो बात कह रहे थे। उस "ऊपर वाले का नाम" उनके द्वारा सार्वजनिक करना चाहिए।

समिति के सभी पदाधिकारियों ने कहा की अगर शासन अरपांचल लोकमंच के दशहरा कार्यक्रम में विघ्न डालने का कार्य करेंगे तो निश्चित ही रावण दहन साइंस कॉलेज मैदान में ही होगा, चाहे इसके लिए जेल भी जाना पड़े तो स्वीकार्य है। समिति के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया की सभी वर्गों की सहभागिता के साथ होने वाले इस आयोजन में समिति द्वारा प्रथम वर्ष से ही यह निर्णय लिया गया है की इस रावण दहन कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दल के नेताओं के आतिथ्य में ये कार्यक्रम निष्पादित किया जाएगा। चूंकि यह स्थान बेलतरा विधानसभा अंतर्गत आता है तो यहां के विधायक सदेव मुख्य अतिथि की भूमिका में रहेंगे।

---

बिलासपुर वन मंडल क्षेत्र का मामला, 400 एकड़ जमीन पर लगाना था पौधे व नर्सरी

# फदहाखार रिजर्व फारेस्ट में अवैध कब्जा, 523 को नोटिस, बने बड़े मकान और दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर के क्षेत्र यानि शहर में सबसे बड़े जंगल की जिस 400 एकड़ जमीन पर पौधे, नर्सरी और हरियाली नजर आनी थी। वहां बेजा कब्जाधारियों ने अपने मकान बना लिए हैं। भूमाफियों ने बकायदा अवैध प्लाटिंग कर कालोनियां खड़ी कर ली है। रिजर्व फारेस्ट होने की वजह से यहां कोई निर्माण केन्द्र सरकार की अनुमति के बाद ही होना था, लेकिन अफसरों की शह से पूरी जमीन बेजा कब्जा की भेंट चढ़ चुकी है। अब वन मंडलाधिकारी के आदेश पर करीब 523 से अधिक बेजा कब्जाधारियों को नोटिस जारी करते हुए जगह खाली करने कहा गया है।

- 400 एकड़ में दिखाई देते हैं बड़े-बड़े मकान और दुकान

बिलासपुर वन मंडल के सबसे बड़े जंगल के रूप में शहर से कुछ ही दूरी पर यानि रेलवे स्टेशन के पार फदहाखार का क्षेत्र है, जिसे सेन्ट्रल ने रिजर्व फारेस्ट घोषित कर दिया है। फदहाखार का क्षेत्र करीब 700 से अधिक एकड़ में फैला हुआ है। यहां जंगल और झाड़ियों की संख्या कम और लोगों के बड़े मकान और दुकान ज्यादा नजर आते हैं। फदहाखार के 400 एकड़ की जमीन पर अवैध कब्जा कर लोगों ने राशन दुकान तक खोलकर रखा हुआ है। किसी समय यहां की खाली जमीन को देखकर साल अनुसंधान केन्द्र खोला गया था, लेकिन वह भी बंद हो चुका है। अनुसंधान केन्द्र इसलिए खोला गया था ताकि साल वृक्ष पर रिसर्च कर नई वेरायटी के पौधे तैयार हो सकें। फदहाखार की खाली जमीन को लेकर योजनाएं सिर्फ कागजों में बनती रहीं। ब्रिटिश काल में फदहखार जंगलों के बीच कत्था उद्योग था, यहां से भारी मात्रा में कत्था अलग-अलग स्थानों में भेजा जाता था। कब्जा करने वाले लोगों को बिजली विभाग और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। किसी समय घना जंगल होने के कारण यहां दुर्लभ वन्यप्राणी नजर आते थे, लेकिन अब यहां बड़े मकान बन चुके हैं। अवैध प्लाटिंग से बन गई कालोनी और बड़े मकान फदहाखार में एक दिन में नहीं हुआ है। धीरे-धीरे होते हुए अवैध कब्जों पर जंगल के अफसरों ने ध्यान ही नहीं दिया, बल्कि इसे और प्रश्रय देते रहे। भू माफियों ने यहां की जमीन पर अवैध प्लाटिंग की, इसलिए यहां हरियाली के जगह मकान और दुकान नजर आते हैं। रिजर्व फारेस्ट का क्षेत्र होने के बाद भी फदहाखार अवैध कब्जाधारियों के भेंट चढ़ते जा रहा है।




### यह है नियम और कायदा

फदहाखार आरक्षित वन क्रमांक एक है। यहां मकान बनाना, खेत जोतना या निर्माण से जुड़े काम करना वर्जित है। यह भारतीय वन अधिनियम का उल्लंघन है, जिसके खिलाफ वन विभाग कार्रवाई कर सकता है। वन विभाग की निगरानी के बावजूद भीयहां अतक्रमण जारी है। भूमाफियों ने यहां अवैध प्लाटिंग कर कालोनियां बनाई है। वन विभाग के अधिकारियों को अतिक्रमण के बारे में पता है, लेकिन कार्रवाई नहीं करने के कारण कब्जा करने वालों का हौसल बढ़ते जा रहा है।

### बाउंड्रीवाल को तोड़ बना ली झोपड़ी

करीब 700 एकड़ के रिजर्व फारेस्ट फदहाखार में 400 एकड़ में बेजा कब्जाधारी काबिज हैं। कुछ साल पहले रेल प्रशासन ने चुचुहियापारा गजरा चौक के पास रेलवे के मकान और जमीन में अवैध कब्जा करने वालों को हटा दिया था। इन लोगों को हटाने के बाद काफी राजनीति भी हुई, जिसमें कुछ बड़े नेताओं ने रेल प्रशासन को हटाए गए लोगों को जगह देने मांग की। नेताओं की मांग को रेलवे ने अनसुना कर दिया। इसपर लोग फदहाखार की ओर चले गए और जंगलों को सुरक्षित रखने के लिए बाउंड्रीवाल की दीवारों को तोड़कर एक कमरे की झोपड़ियां बनाकर निवास करना शुरु कर दिया।

### 2000 के पहले के कब्जेधारी

बिलासपुर वन मंडल के अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2000 से पहले फदहाखार रिजर्व फारेस्ट में बेजा कब्जाधारियों को पीओआर जारी किया गया था। वर्तमान रिपोर्ट में करीब 1400 से अधिक बेजा कब्जाधारी काबिज हैं। पूर्व में जारी किए गए नोटिस के बावजूद जगह खाली करने के बजाय उन्होंने अपने मकान व दुकानों को आगे बढ़ा दिया है। इनमें से 523 से अधिक परिवारों को नोटिस जारी किया गया है, ताकि वे उस जगह को खाली कर दें।

## वसुंधरा ने किया शिक्षक सम्मान सेवा गतिविधियों पर की चर्चा

**बिलासपुर।** शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब वसुंधरा ने एक होटल में शिक्षकों का सम्मान किया। सर्वप्रथम क्लब की बीओडी मीटिंग लेकर आगामी सेवा गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई। सम्मान का यह कार्यक्रम अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा की अध्यक्षता में क्लब की सदस्य मंजू मिश्रा एवं उषा मुदलियार ने रखा। शिक्षकों के सम्मान की कड़ी में चंदा बंसल, शशि दुबे, रेखा गुल्ला, अंजली चोपड़ा, पूर्णिमा तिवारी, किरण सिंह, डॉ रश्मि लता मिश्रा ,संजना मिश्रा, मंगला देवरस, सुधा परिहार, शारदा कश्यप, अंबुज पांडेय, मंजू मिश्रा, उषा मुदलियार, किरण बाजपेई, मंजुला शिंदे का शॉल, श्रीफल से स्वागत किया गया। सभी शिक्षकों ने अपने शैक्षणिक जीवन के अनुभव को साझा किया। वहीं क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन शोभा त्रिपाठी, चांदनी सक्सेना, सावित्री जायसवाल, मंजू तिवारी, सलमा बेगम, मंगला कदम, शोभा चाहिल, रत्ना खरे, गायत्री कश्यप, सीता तिवारी, विनीता मिश्रा को उपहार दिया गया। विभिन्न गेम खिलाए गए। जिसमें प्रथम अर्चना तिवारी , द्वितीय रत्ना खरे व शोभा त्रिपाठी और तृतीय शारदा कश्यप रहीं।

---

सीवीआरयू में दीक्षा आरंभ का समापन

# करियर बनाने के साथ राष्ट्र निर्माण में भी दें योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में प्रबंधन शारीरिक शिक्षा और एजुकेशन के नव आगंतुक विद्यार्थियों का दीक्षा आरंभ आयोजित किया गया। बीते 31 अगस्त से 8 सितंबर तक दीक्षा आरंभ समारोह निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

इस दौरान विद्यार्थियों को विवि की जानकारी दी गई साथ ही हुए प्राध्यापकों से रूबरू भी हुए। इस दौरान प्रतिदिन मोटिवेशनल स्पीकर्स और विद्वानों ने उनका मार्गदर्शन भी किया। एक सप्ताह तक चल दीक्षा आरंभ समारोह का आज समापन हो गया। डॉ सीवी रमन विवि में आयोजित दीक्षा आरंभ समारोह पर मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनना है। उन्होंने कहा कि एमबीए, एजुकेशन और फिजिकल एजुकेशन जैसे विषय विद्यार्थियों को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई दिशा देने का अवसर प्रदान करते हैं।



### शिक्षा समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराती है: चटर्जी

विशिष्ट अतिथि डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला और समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जिस क्षेत्र में अध्ययन कर रहे हैं, उसमें मेहनत और समर्पण से ही सफलता संभव है। डॉ. जयति ने कहा कि फिजिकल एजुकेशन और एमबीए, एजुकेशन दोनों ही विषय विद्यार्थियों को समाज में परिवर्तन लाने का अवसर प्रदान करते हैं।

### रतनपुर में भाजपा की जिला कार्यशाला 10 को

**बिलासपुर।** भाजपा के संगठन महापर्व के बाद संगठन के लिहाज से विभाजित बिलासपुर जिला ग्रामीण की पहली कामकाजी बैठक रतनपुर में आयोजित की गई। जिसमे जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल की अगुवाई में जिला के सभी पदाधिकारियों ने मां महामाया का दर्शन कर नवगठित संगठन जिला बिलासपुर ग्रामीण के औपचारिक बैठक की शुरुआत की। रतनपुर महामाया मंदिर धर्मशाला में 10 सितंबर की दोपहर 2 बजे होने वाली भाजपा जिला की कार्यशाला पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी माह में विभिन्न मंडलों में होने मंडल कार्यशाला और पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मतिथि 17 सितम्बर से नियोजित सेवा पखवाड़ा के संदर्भ में पदाधिकारियों के बीच दायित्वों का वर्गीकरण किया गया है। बैठक में श्री जायसवाल, निर्मल सिन्हा, यश मनोहर जनक देवांगन, अवधेश अग्रवाल, राजेश कश्यप, राज्यवर्धन कौशिक, तिरीथराम यादव, नागेश्वरी साहू, प्रणव शर्मा, निखिल केशवानी, राजकुमार साहू आदि मौजूद थे।

हेल्थ प्लस

## स्वामी विवेकानंद ट्रामा सेंटर में निःशुल्क शिविर 15 तक

**बिलासपुर।** स्वामी विवेकानंद न्यूरो एवं ट्रामा सेंटर व्यापार विहार रोड बिलासपुर में न्यूरो मरीजों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया गया।

यह शिविर 8 सितम्बर से 15 सितम्बर तक रहेगा। इसमें न्यूरोसर्जरी विभाग के विशेषज्ञ व सर्जन डॉ नरेश कुमार कृष्णानी यहां पर मरीजों के सलाह व उपचार के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। शिविर में आने के लिए अग्रिम पंजीयन कराना अनिवार्य है। शिविर में लकवा, सिर दर्द, मिर्गी, गर्दन दर्द, चक्कर आना, पीठ दर्द (बैक पेन), याददाश्त की कमी, सिर की गम्भीर चोट, सिर की हड्डी का फ्रैक्चर, ब्रेन हैमरेज, रीढ व गर्दन की हड्डी का चोट, ब्रेन ट्यूमर, स्पाइन ट्यूमर, स्पाइन सर्जरी आदि की शिकायत वाले मरीज अपना परामर्श ले सकते हैं। यहां पर ईसीजी व एक्स रे की की भी सुविधा है।



## खबर संक्षेप

### 2 लाख 31 हजार की ठगी, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** एक व्यक्ति की एफडी में गड़बड़ी कर 2 लाख 31 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम लिटिया निवासी रिटायर्ड कर्मचारी शोभनाथ कौशिक 65 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने एचडीएफसी बैंक में 1 लाख 9 हजार 912 रुपए की दो कुल 2 लाख 31 हजार 185 रुपए का एफडी कराया था,22 से 28 जुलाई 2025 के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी एफडी में गड़बड़ी कर खाते से 2 लाख 31 हजार 185 रुपए निकाल लिया है। मोबाइल में मैसेज आने पर उन्होंने बैंक जाकर अपना बैंक खाता बंद कराया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला से छेड़खानी, रेलवे का इंजीनियर गया जेल

**बिलासपुर।** महिला से अश्लील छेड़खानी करने वाले रेलवे के इंजीनियर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को रेलवे में पदस्थ मैकेनिकल इंजीनियर अशोक टाण्डे अश्लील इशारा कर गाली गलौज करता रहता था। रविवार की शाम 6 बजे महिला के घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान अशोक टाण्डे अश्लील छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज की। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351, 74 के तहत इंजीनियर अशोक टाण्डे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### 130 लीटर महुआ शराब के साथ बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोटा पुलिस ने गुण्डा बदमाश को पकड़कर उसके पास से चाकू बरामद किया है। इसी तरह तीन लोगों को पकड़कर 130 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। 7 सितंबर की रात कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग स्टाफ के साथ क्षेत्र में रात्रि गश्त एवं संदिग्धों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान गुण्डा बदमाश गनियारी निवासी कुनानू उर्फ नानू वर्मा पिता लेखराम वर्मा 27 साल को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास चाकू मिला। पुलिस ने उसे आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन करते हुए राहुल लोनिया पिता पुनीत राम लोनिया 23 साल घुटकू, दीपक लोनिया पिता परमेश्वर लोनिया 20 साल नवरंगपुर, नरोत्तम साहू पिता जनकराम साहू 47 साल खरगहनी निवासी को पकड़कर 130 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चिन्नागंजम में रूकेगी बिलासपुर-तिरुपति

**बिलासपुर।** दपूमरे के विजयवाड़ा रेल मंडल के चिन्ना गंजम स्टेशन पर बिलासपुर से तिरुपति के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का स्टापेज दिया जाएगा। यात्रियों की सुविधा और उनकी काफी समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। दपूमरेके विजयवाड़ा रेल मंडल अंतर्गत चिन्ना मंडल सीजेएम स्टेशन में ट्रेन संख्या 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव जारी रखने का नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

**जनरल कोच में सफर करना यात्रियों की मजबूरी** | **प्रयागराज की ओर जाने वाली सारनाथ और नौतनवा की वेटिंग 200 के पार**

# छपरा और गया जाने वाली ट्रेनों में भीड़, पिंडदान के लिए यात्रियों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पितृ पक्ष शुरू होने के साथ ही प्रयागराज, बनारस और गया में पिंडदान करने बडी संख्या में लोग जाने लगे हैं। इसके साथ ही संबंधित रूट पर जाने वाली ट्रेन सारनाथ और नौतनवा एक्सप्रेस में भीड़ बढ़ने से वेटिंग का आंकड़ा 200 के पार पहुंच गया है। इन वेटिंग यात्रियों को रेल प्रशासन के स्लीपर में नो एंट्री के कारण मजबूरीवश जनरल कोच में सफर करना पड़ रहा है।

पितर पक्ष में लोग जहां अपने पूर्वजों को घर में तर्पण करते हैं। वहीं बड़ी संख्या में कई लोग पिंडदान करने के लिए प्रयागराज, बनारस और गया भी जाते हैं। पिंडदान के लिए गया की ओर जाने वाली ट्रेनों में मुख्य रूप से गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस के अलावा दुर्ग-कानपुर



नौतनवा एक्सप्रेस की सुविधा जोन के दुर्ग, रायपुर और उसलापुर रेलवे स्टेशन में दी जा रही है। इन ट्रेनों में पितृ पक्ष की शुरुआत होने के पहले ही यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। लोग तिथि के अनुसार श्राद्ध करने के लिए तीनों स्थानों पर पहुंचते हैं। प्रतिवर्ष तीनों ट्रेनों में यात्री वेटिंग के बाद भी स्लीपर कोच के फर्श पर बैठकर सफर करने को मजबूर रहते हैं। इस वर्ष लोगों को भारी दिक्कतों का सामना पड़ रहा है। रेल प्रशासन ने ट्रेनों के एसी कोच की तरह स्लीपर कोच में भी वेटिंग टिकिट वाले यात्रियों को सफर के लिए अनुमति नहीं देने का आर्डर जारी कर दिया है। इस आर्डर के अनुसार अब वेटिंग यात्रियों की टिकिट चेकिंग कर टीटीई उन्हें बीच रास्ते में उतारने के साथ जनरल कोच में भेजने का काम कर रहे हैं। मजबूरी के कारण यात्रियों को भी जनरल कोच में सफर करना पड़ रहा है। इसी तरह का हाल दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और नौतनवा एक्सप्रेस का भी हो गया है। पिंडदान के लिए गया, बनारस और इलाहाबाद तक जाने के लिए दोनों ट्रेनों के स्लीपर कोच की वेटिंग ने 200 और एसी थ्री में 50, एसी टू में 28 से अधिक का आंकड़ा पार कर दिया है। हजारों रुपए की टिकिट बुकिंग करने के बावजूद क्लीयर नहीं होने के कारण लोग अपनी टिकिट केंसिल कर रहे हैं, या फिर मजबूरी में जनरल कोच का सहारा ले रहे हैं।

### बंद हो गए पिंडदान स्पेशल कोच

प्रयागराज, बनारस और गया में पिंडदान करने वाले लोगों के लिए आईआरसीटीसी बिलासपुर ने प्रदेश स्तर पर पिंडदान स्पेशल कोच की सुविधा शुरु की थी। इसमें 5 से 6 हजार रुपए की कीमत में यात्री को पिंडदान के लिए स्टेशन तक पहुंचने के साथ उनके लिए रहने, खाने व अन्य सुविधा दी जा रही थी। इसके लिए लोग एक माह पहले से बुकिंग कर लेते थे। एक साल चलने के बाद इस सुविधा को बंद कर दिया गया। आईआरसीटीसी के अफसरों का कहना है कि वर्तमान में सभी ट्रेनों में 22 से 23 कोच लगे हुए हैं, जिसमें अतिरिक्त कोच लगाने की सुविधा नहीं मिल पा रही है। पिंडदान स्पेशल कोच के लिए कई बार प्रयास किया गया है, लेकिन तकनीकी कारणों से यह शुरु नहीं हो पा रहा है।

### निजी वाहन में लगती है अधिक राशि

पिंडदान करने के लिए लोग पहले प्रयागराज, बनारस होते हुए आखिरी में गया पहुंचते हैं। इन तीनों स्टेशनों के लिए रेल प्रशासन ने जो ट्रेन की सुविधा दी है, उसमें दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर तक है। रायगढ़, कोरबा, चांपा और दूसरे जिले के लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए पहले उसलापुर तक आना पड़ता है। लोगों के अनुसार ट्रेन में वेटिंग अधिक होने के कारण क्लीयर का इंतजार करते रहते हैं। टिकिट क्लीयर नहीं होने के कारण उन्हें जनरल कोच से सफर करना मजबूरी हो जाती है। इसका कारण है कि निजी वाहन के मालिक तीनों स्टेशनों तक जाने के लिए 10 से 15 हजार रुपए की मांग करते हैं। इससे कम कीमत पर ट्रेन का सफर हो जाता है।

**सीवरेज नाली के भीतर पाइप लाइन फूटी, महीनों बाद भी नहीं हुई मरम्मत**

# दूषित पानी पीने को मजबूर कुदूदण्ड सुधा विहारवासी



कुदूदण्ड में नाली के अंदर से गुजरी पाइप लाइन, जिसे ढका गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुदूदण्ड सुधा विहार के निवासियों को मजबूरीवश दूषित पानी पीना पड़ रहा है जो कभी भी उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। असल में सीवरेज नाली के भीतर से पाइप लाइन गई है वह फूट गई है। पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण नाली का गंदा पानी पाइप लाइन से होकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।

कुदूदण्ड सुधा विहार में कभी भी दूषित पानी की वजह से किसी तरह की संक्रामक रोग फैलने का खतरा है। करीब तीन महीने से यहां की पेयजल का पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है, जिससे लगातार दूषित पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। सुधा विहार में जिस पाइप लाइन के जरिए पेयजल सप्लाई होता है वह सीवरेज नाली के भीतर से गुजरा है और पाइप लाइन में लिकेज को ठीक नहीं किया गया है। यहां के लोगों द्वारा वार्ड के पार्षद से लेकर नगर निगम तक कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन पाइप लाइन की लिकेज पर रबर के ट्यूब आदि बांधकर काम चलाया जा रहा है और स्थाई मरम्मत नहीं की गई है, जिससे लीकेज थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके चलते लोगों को मजबूरीवश दूषित पानी पीना पड़ रहा है। यहां के लोगों के अनुसार मोहल्ले में लगभग सभी घरों में पेयजल एवं निस्तार के लिए इसी पाइप लाइन के जरिए पानी पहुंचता है। यह पाइप लाइन सीवरेज के नाली गदंगी के बीच से होकर गुजरा है।

### ठीक कराया जाएगा लीकेज

कुदूदण्ड सुधा विहार में दूषित पेयजल सप्लाई की जानकारी नहीं है। पानी सप्लाई का पाइप लाइन कहीं से फूटा है तो उसका पता करवाते हैं और पाइप लाइन लीकेज ठीक कराया जाएगा।

-**अनुपम तिवारी** प्रभारी, जल विभाग नगर निगम

### सड़क की हालत भी खराब

कुदूदण्ड के यूडीएम हॉस्पिटल से बाजे वाली सुधा विहार को जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब है। खराब सड़क से लोगों को आना-जाना पड़ रहा है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। वर्ष 2022-23 में तत्कालीन पार्षद ने पार्षद निधि से 20 लाख रुपए इस सड़क के लिए अनुमोदित किया था जो कि निगम के माध्यम से निर्माण होना है। लेकिन निगम के अधिकारियों से लेकर पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद किसी को पता नहीं कि सड़क निर्माण कार्य कब प्रारंभ होगा और अभी तक क्यों शुरू नहीं हुआ।

### एक साल पहले हुआ था भूमिपूजन

सड़क निर्माण के लिए करीब एक साल पहले नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में नगर विधायक अमर अग्रवाल द्वारा विधिवत भूमिपूजन हुआ था। इस तरह से तिलकनगर वार्ड नंबर 18 में मूलभूत सुविधाएं राम भरोसे चल रही हैं और इन सारी समस्याओं की लिखित शिकायत नगर निगम आयुक्त एवं कलेक्टर को भुवन वर्मा, किशोर दुबे, रामहरि वस्त्रकार, आरके शर्मा, परमेश्वर राजपूत सहित सुधाविहारवासियों व वार्डवासियों ने की है।

## जिला अस्पताल: बाथरूम का गंदा पानी इलेक्ट्रिसिटी रूम में घुसा



अस्पताल की सफाई करती महिला कर्मचारी।

■ मातृ एवं शिशु अस्पताल का हाल

जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है, सोमवार को अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल की बिल्डिंग में एक बेहद खराब स्थिति का सामना मरीज और स्टाफ को करना पड़ा। दरअसल प्रथम तल का पाइप लाइन कई दिनों से डेमेज था, लेकिन सोमवार को पानी अचानक छत से गिरने लगा और इलेक्ट्रिसिटी पैनल रूम में जा घुसा। इस दौरान अस्पताल की सीढ़ी और फर्श में पानी भर गया, जिससे हर आने व जाने वालों को परेशानी झेलनी पड़ी।

सोमवार को अस्पताल में अच्छी खासी भीड़ थी। मातृ एवं शिशु अस्पताल का एक ही लिफ्ट चालू हालत में है, दूसरा लिफ्ट महीनों से बंद है। ऐसे में लिफ्ट में देरी को देखते हुए गर्भवती महिलाएं और स्टाफ सीढ़ियों के रास्ते प्रथम तल जाने लगे, लेकिन सीढ़ियों के ठीक पहले बाथरूम का गंदा पानी भरा रहा। खास बात यह है कि यहां अस्पताल का इलेक्ट्रिसिटी पैनल रूम है, जहां से पूरे अस्पताल में बिजली सप्लाई होती है, बाथरूम का गंदा पानी रूम के अंदर भी भर गया। सुबह से हुई इस दिक्कत के बावजूद प्रबंधन आंख बंद कर बैठा रहा और दोपहर 2 बजे के बाद ही साफ-सफाई कराई गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## खाद दुकानों का औचक निरीक्षण, दो पर कार्रवाई

■ संचालक के निर्देश पर जांच के लिए राज्य से पहुंचे अधिकारी

**बिलासपुर।** खाद की कालाबाजारी की लगातार शिकायत को ध्यान में रखते हुए संचालक कृषि के निर्देश पर राज्य से अधिकारियों की टीम छापामार कार्रवाई के लिए सोमवार को शहर पहुंची। यहां जिले के अधिकारियों की टीम बनाकर जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित खाद दुकानों की जांच की गई। इस दौरान तखतपुर व खमतराई में संचालित दो दुकानों में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करते पाए जाने के बाद जब्ती की कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया है।

खाद की कालाबाजारी रोकने सघन छापामार अभियान चलाने के उद्देश्य से संचालक कृषि राहुल देव द्वारा राज्य स्तर पर अधिकारियों को छापामार कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। इसके अंतर्गत संचालनालय में पदस्थ उपसंचालक कृषि चिरंजीव सरकार द्वारा उपसंचालक कृषि पीडी हथेश्वर सहित जिले के अधिकारियों के साथ सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत तखतपुर के मेसर्स संकट मोचन खाद भंडार व मेसर्स गोपाल खाद भंडार खमतराई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स संकट मोचन खाद भंडार तखतपुर में बिना फार्म ओ इन्द्राज कराये बायो उर्वरक का भंडारण पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल उपलब्ध बायो उर्वरक बायो आर्गेनिक-65 कि.ग्रा., हुमिक एसिट-170 कि.ग्रा. को विक्रय प्रतिबंध करते हुए जब्ती की कार्यवाही कर नोटिस जारी किया गया। इसी तरह मेसर्स गोपाल खाद भंडार खमतराई में स्कंध प्रदर्शित नही करने, नियमित प्रतिवेदन नहीं भेजने, स्कंध पंजी एवं बिल का संधारण नही करने एवं बिना पॉस मशीन के उर्वरकों का विक्रय करने के कारण उपलब्ध उर्वरक डी.ए.पी.-618 बोरी, सिंगल सुपर फास्फेट-373 बोरी, पोटाश 25 बोरी, अमोनियम सल्फेट-10 बोरी, सल्फर 6 बोरी, बायो जाईम-570 कि.ग्रा पर 21 दिनों के लिए बिक्री पर प्रतिबंध की कार्यवाही कर नोटिस जारी किया गया। उक्त संस्थानों से 7 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## गोमतीनगर से 6 फेरे लगाएगी स्पेशल ट्रेन



**बिलासपुर।** रेलवे ने फेस्टिवल के अवसर पर गोमतीनगर से महबूबनगर के बीच 6 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन 05314/05313 स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन गोमतीनगर से 05314 नंबर के साथ प्रति रविवार को 28 सितम्बर से 2 नवंबर तक और महबूबनगर से 05313 नंबर के साथ प्रति सोमवार को 29 सितम्बर से 3 नवंबर तक चलाई जाएगी। ट्रेन में एक एसएलआर, चार सामान्य कोच, सात स्लीपर, एक एसी टू, आठ एसी थ्री एकोनोमिक्स, एक पावर कार सहित 22 कोच होंगे।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बीती रात अलग अलग घटनाओं पर तीन लोगों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी एमआर शुभम सिंह ठाकुर पिता परमेश्वर सिंह ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई। 2 सितंबर की रात 8 बजे उनके परिचित सिद्धार्थ जांगड़े ने उनके घर के पास आकर गाली गलौज कर मारपीट करने की धमकी दी थी। उसके नशे में होने के कारण उन्होंने उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया। 7 सितंबर की शाम 7 बजे वे दीनदयाल कालोनी केबीटी काम्प्लेक्स से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान सिद्धार्थ जांगड़े आया और चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके गले व हाथ में गंभीर चोट आई है। दूसरी घटना में मंगला आजाद चौक निवासी श्याम रजक पिता भागीरथी रजक 7 सितंबर की रात 1.30 बजे मोहल्ले के गणेश पंडाल के पास थे। इसी दौरान सुमित, शानू एवं उसके साथी मोहल्ले में लड़ाई झगड़ा की बात कर रहे थे। इसी दौरान अचानक युवकों ने श्याम रजक के साथ हाथ मुक्का लाठी से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी नूतन चौक निवासी प्रशांत महंत 19 साल को गिरफ्तार



कर चाकू बरामद कर लिया है। तीसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र के चिंगराजपारा विश्वकर्मा चौक निवासी अजय मिरी पिता स्व. नारायण मिरी 7 सितंबर को गणेश विसर्जन करने जा रहे थे। मोहल्ले के रोशन सतनामी ने उनसे पैसा मांगा तो उन्होंने मना कर दिया। गणेश विसर्जन के बाद वह घर आकर खाना खाकर सो गए। रात 9 बजे रोशन उनके घर आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते अजय मिरी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके पेट में चोट आई है। पुलिस ने तीनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### बोतल से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पैसा नहीं देने पर शराब की बोतल से युवक पर हमला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 3 सितंबर को मंगला आजाद चौक निवासी कुंदन पटेल मंगला शराब दुकान गया था। इसी दौरान आजाद चौक निवासी अमित यादव उर्फ फोनी पिता स्व. सेवक राम यादव 27 साल उससे शराब खरीदने के लिए पैसा मांगने लगा। उसने पैसा देने से मना किया तो अमित यादव ने शराब की बोतल से हमला कर दिया। सोमवार को एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने मंगला में दबिश देकर आरोपी अमित यादव उर्फ फोनी को पकड़ लिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 119, 1, 296, 115, 2, 351, 2 के तहत उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## लेनदेन के विवाद में प्रापर्टी डीलर दो भाइयों को पीटा, अपराध दर्ज

■ एक भाई अस्पताल में भर्ती

**बिलासपुर।** लेनदेन के विवाद में प्रापर्टी डीलर दो भाईयों की कार सवार युवकों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल एक भाई को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर सांई नगर निवासी राणा प्रताप सिंह पिता दुर्गा सिंह ठाकुर प्रापर्टी डीलर हैं। 7 सितंबर की रात 10 बजे वे घर के पास अपने भाई सुरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान कुदूदण्ड निवासी बबलू यादव अपनी साथियों के साथ कार से आए और पुराने लेनदेन की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। उनके भाई सुरेन्द्र प्रताप ने उन्हें गाली देने से मना किया तो युवकों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। राणा प्रताप सिंह ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। सिर में चोट लगने से सुरेन्द्र प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने राणा प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर बबलू यादव एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# घर में घुसकर बुजुर्ग को दी धमकी, आरोपी गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दरवाजे में नाम लिखवाने पर एक व्यक्ति ने घर में घुसकर बुजुर्ग का हाथ मरोड़कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना के एसआई पूरन सिंह बघेल ने बताया, प्रियदर्शनी नगर डी - 6 निवासी हरिबाबू अहिरवार 67 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे अपने स्वयं मकान में 25 साल से रह रहे हैं। अपने मकान के गेटे के बाजू में नेम प्लेट लगाए थे। उसे किसी व्यक्ति ने निकालकर फेंक दिया। उसके बाद



उन्होंने गेट में अपना नाम लिखवा लिया था। 2 सितंबर को शाम 7 बजे मकसूद हसन आया और उन्हें कहा कि जो नेम प्लेट हटाओ, नहीं तो ठीक नहीं होगा। इस बात पर विवाद करते हुए बलपूर्वक घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बुजुर्ग श्री अहिरवार का हाथ मरोड़ दिया था। वहीं उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने श्री अहिरवार की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2, 115, 2, 333 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। सोमवार को एसआई श्री बघेल ने हमलावर भारतीयनगर निवासी मकसूद हसन पिता मंजूर हसन 39 साल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### अशांति फैलाने वाले 3 युवक गिरफ्तार

पुलिस ने अशांति फैलाने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अशांति फैलाने वाले रोहन पटेल पिता दिनेश पटेल मगरपारा, रामकुमार दुबे पिता स्व. कामता प्रसाद चांदनी चौक कुदूदण्ड, यश सिंह राजपूत पिता दयाशंकर राजपूत दिनदयाली कालोनी निवासी को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया है।



## खबर संक्षेप

### समस्याओं के लेकर किसान संघ का प्रदर्शन 18 को



**मुंगेली।** भारतीय किसान संघ मुंगेली द्वारा खाद की कमी, बिजली कटौती एवं पानी के लिए नहर निर्माण सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं 18 सितम्बर को आगर खेल परिसर से रैली निकाली जाएगी एवं तहसील कार्यालय पहुंचकर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त जानकारी भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष धनीराम साहू ने दी।

### अग्रसेन कॉलेज में एलुमनी मीट




**बिल्हा।** अग्रसेन महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने छात्र जीवन से जुड़ी यादों तथा अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ सावित्री त्रिपाठी ने पूर्व छात्रों से कहा कि, एलुमनी किसी भी संस्थान की पहचान होते हैं, उनकी उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। एलुमनी मीट में विभिन्न बैचों के विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से दिलीप पाटले, भोलाराम निर्मलकर, जागृति शर्मा, सतवंतीन यादव, माधवी निर्मलकर, आकाश पाटले, शनि मौर्या, सुभद्रा जय, ज्योति कौशिक ने महाविद्यालय की उपलब्धियों और प्रगति पर चर्चा की तथा महाविद्यालय के विकास हेतु अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन खगेश कुमार ने किया व आभार प्रदर्शन एलुमनी एसोसिएशन के संयोजक संजय अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डी मिंज, डॉ एम आगर, डॉ एके गिरि सहित महाविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व सचिव की आत्महत्या की जांच कराने सौंपा गया ज्ञापन



**मरवाही।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन एवं सचिव संघ जीपीएम ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी निकिता मरकाम एवं थाना प्रभारी मरवाही कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन सौंपकर राजेश कुमार सुमन पूर्व सचिव के आत्महत्या प्रकरण की मोबाइल कॉल की डिटेल निकलवा कर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में इंद्रपाल चंद्रा संयोजक कर्मचार-अधिकारी फेडरेशन मरवाही, किशन राठौर जिला अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ, कमाल खान जिला अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन, केडी मिश्रा कार्यकारी संयोजक, विनोद राय महामंत्री, संगीता कौशिक सचिव संघ ब्लॉक अध्यक्ष मरवाही, नान्हू बघेल अध्यक्ष गौरेला,ज्योति गुप्ता, धीरज तिवारी, राम सिंह लोधाम, राजकुमारी श्याम, प्रीति उदय, लक्ष्मीकांत मास्को,संजू राय, सरिता सोनवानी, लक्ष्मीकांत, अजय आर्मो, प्रीतम सिंह, प्रदीप राय, गीता मार्को, मूल विजय सिंह, जनार्दन सिंह पूरी, झमेल कुमार ओट्टी, रानू सिंह आर्मो, सदन सिंह सिन्द्राम उपस्थित रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में एक मेगा स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर समाज के सभी वर्गों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस शिविर में विशेष रूप से समस्त राशन कार्डधारी परिवारों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन, वय वंदना योजना कार्ड पंजीयन, वरिष्ठ नागरिकों के लिए ₹5 लाख तक के निशुल्क इलाज हेतु पंजीयन, अंगदान एवं रक्तदान महोत्सव जैसे महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ निशुल्क प्रदान किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को मोबाइल यूनिट के माध्यम से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों तक पहुंचाया गया, जिससे बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच, परामर्श और योजनाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर आयोजकों और मेडिकल टीम की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने एवं जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। शिविर में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। उक्त कार्यक्रम में बीएमओ डॉक्टर मिंज, प्रशांत श्रीवास, विधायक प्रतिनिधि शारदा चरण पसारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गांव तक जाने वाली कच्ची सड़क दलदल में तब्दील

# कुरानकापा बस्ती के लोग नजरबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

बरेला से ठकुरीकापा पहुंच मार्ग से कुरानकापा बस्ती जाने वाली कच्ची सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे लोगों को आने जाने काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर कीचड़ होने के कारण कुरानकापा के लोग गांव में ही नजरबंद हो गए हैं। आवश्यकता की चीजों के लिए उन्हें शहर की आना भी मुश्किल हो गया है।

- मुंगेली जाने के लिए तखतपुर का लगाना पड़ता है चक्कर

जानकारी के अनुसार बरेला से ठकुरीकापा जाने वाली सड़क कुछ दूर पक्की सड़क है उसके बाद सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। इस मार्ग पर पैदल चलना खतरे से खाली नहीं है। मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए लोगों को दलदल पार करना पड़ता है। जिनके कारण रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुरानकापा बस्ती से निकलने पर एक तरफ दलदल कीचड़ है दूसरी तरफ पुल है जहां से पार करने पर कब्रस्तान से होते हुए तखतपुर का चक्कर लगाकर बरेला मुख्य मार्ग पर आना पड़ता है। बारिश होने पर लोग गांव में बंध कर रह जाते हैं। नतीजन आपातकालीन के दशा में दलदल से गुजरना मुश्किल रहता है।



दलदल में तब्दील कुरानकापा जाने वाली सड़क।

#### स्कूली बच्चे और कर्मचारियों के लिए मुसीबत

कुरानकापा बस्ती से स्कूली बच्चे के अलावा अनेक शिक्षक एवं अन्य शासकीय कर्मचारियों को रोजाना ड्यूटी पर जाना पड़ता है। चूंकि सड़क दलदल होने के उन्हें दूर में वाहन छोड़कर किसी तरह कीचड़ में सनकर निकलना पड़ता है। उसके बाद हाथ पैर धोकर ड्यूटी जाना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों एवं कर्मचारियों को समय पर पहुंचना मुश्किल होता है।

#### कई लोग गिर कर हो चुके हैं घायल

स्कूली बच्चों ने बताया कि कीचड़ होने के कारण सायकल फंस जाती है। जिनके कारण एकाएक सायकल दलदल में गिर जाती है जिनके कारण वे कई बार गिर कर घायल हो चुके हैं। इतना ही नहीं बुजुर्गों को वहां से निकलना मुश्किल रहता है। हालत यह है कि वहां से सामान्य व्यक्ति भी पार नहीं कर सकता जिनके कारण गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बाइक सवार ग्रामीण भी इस मार्ग पर गिरकर घायल हो चुके हैं। सरपंच प्रतिनिधि रामनारायण मेरसा ने बताया कि पूर्व कार्यकाल में सड़क अधूरी बनाई गई थी। कुछ दिन पूर्व मुरूम डाला गया है। भारी वाहन चलने के कारण सड़क धंस गई है और कीचड़ हो गया है। शासन को इस ओर ध्यान आकर्षण करने पत्र व्यवहार किया जाएगा।



धरना प्रदर्शन में शामिल स्वास्थ्यकर्मी।

## एनएचएम कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, हड़ताल पर डटे

**मुंगेली।** एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के 22वें दिन रोटी सम्मान न्याय गारंटी से प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सेवा के बदले सम्मान दो, हमारी रोटी सुरक्षित करो के नारे लगाते हुए प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि, अनिश्चितकालीन हड़ताल के 22 दिन होने के बाद भी सरकार हमारी मांगों पर लिखित में अमल नहीं कर रही है। इसलिए प्रतिदिन अलग-अलग तरीके से सरकार को जगाने का प्रयास किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि, सरकार की दमनकारी नीति के चलते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों का आक्रोश दिन ब दिन दोगुना होते जा रहा है, और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल होते जा रही है। आलम यह है कि जितना सरकार हड़ताली कर्मचारियों के आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रही है, उतनी ही दोगुने जोश के साथ आंदोलन किया जा रहा है। 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 22वें दिन जिला अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने मुंगेली जिले के समस्त कर्मचारियों में मजबूती के साथ तन्मयता से आंदोलन में अग्रसर होने के लिए सकारात्मक ऊर्जा के संचार की बात कही। वहीं 4 सितम्बर को संचालनालय स्वास्थ्य छत्तीसगढ़ के द्वारा स्वास्थ्य एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन के चलते कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को आगामी आदेश तक किया स्थगित कर दिया गया है। संघ के डॉ भास्कर सिंह राठौर ने बताया कि, जब तक 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश नहीं मिल जाता, हड़ताल अनवरत जारी रहेगी।

## लोधी समाज ने किया हरिशंकर का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



भाजपा जिला उपाध्यक्ष का सम्मान करते लोधी समाज के लोग।

लोधी समाज की बैठक रविवार को पथरिया के सर्किट हाउस में हुई, जिसमें समाज के प्रदेश मंत्री हरिशंकर वर्मा को भाजपा जिला उपाध्यक्ष का नवीन दायित्व मिलने पर समाज प्रमुखों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जगदीश वर्मा ने कहा कि, क्षेत्र में लोधी समाज की बहुलता है, ऐसे में भाजपा संगठन में समाज के सक्रिय पदाधिकारी को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से समाज को सम्मान दिया गया है। इसी तरह समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सुखदेव वर्मा ने कहा कि, समाजिक एकजुटता और सक्रियता से आज समाज राजनीति, समाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, शैक्षिक क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित युवाओं से सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर लोधी समाज प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने सामाजिक पदाधिकारियों से कहा कि, समाज मे शैक्षिक स्तर के सुधार से जागरूकता आई है, अब हम अपने अधिकारों के प्रति सजग हुए हैं। यही कारण है कि, राज्य के दो प्रमुख राजनीति दलों ने जिला पदाधिकारी के रूप में लोधी समाज को स्थान दिया गया है। इस अवर पर प्रदेश सचिव देवेंद्र राजपूत, जिला पचायत सदस्य प्रतिनिधि, प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव वर्मा, जगदीश वर्मा जिलाध्यक्ष मुंगेली, जमुना प्रसाद वर्मा जिलाध्यक्ष बिलासपुर, रामरतन राजपूत महासचिव, विश्वनाथ राजपूत कोषाध्यक्ष, झुलूराम वर्मा उपाध्यक्ष, प्रेम प्रकाश राजपूत युवा जिला अध्यक्ष, सर्किल सचिव अर्जुन राजपूत, रामशंकर वर्मा, तामेश्वर वर्मा, जितेंद्र राजपूत, विष्णु राजपूत सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**पथरिया।** जनपद पंचायत पथरिया में आदि कर्मयोगी अभियान 2025 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक नोडल सीईओ की अध्यक्षता में उत्तरदायी शासन प्रसंस्करण प्रयोगशाला का दो दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत के गोला भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को आदिवासी समुदायों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना, और उनमें सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना है। इस प्रशिक्षण में 6 चयनित आदिवासी गांवों से आए आदि सहयोगियों ने भाग लिया। उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रभावी संचार तकनीकों और जमीनी स्तर पर नेतृत्व करने के लिए आवश्यक कौशल पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में उन्हें बताया गया कि, वे कैसे अपने-अपने गांवों में विकास के वाहक बन सकते हैं। जनपद सीईओ प्रदीप प्रधान ने अपने संबोधन में आदि सहयोगियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि, वे ही इस अभियान की सफलता की नींव हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। यह प्रशिक्षण कार्यशाला आदि कर्मयोगी अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शासन को अधिक संवेदनशील और सहभागी बनाना है।




कार्यशाला में शामिल अधिकारी कर्मचारी।

## जिला कर्मचारी कांग्रेस की बैठक




बैठक में शामिल कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस की जिला इकाई की बैठक रविवार को कर्मचारी भवन ज्योतिपुर गौरेला में आयोजित हुई। बैठक में संघीय गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान संघ के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सेवानिवृत्त सदस्यों का सम्मान करने, पदोन्नति प्राप्त प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों का सम्मान समारोह आयोजित करने तथा कार्यक्रमों में प्रांतीय पदाधिकारियों एवं अतिथियों को आमंत्रित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार रैदास, जिला उपाध्यक्ष ममता चक्रवर्ती, जिला सचिव अनुजय वैश्य, जिला महिला प्रतिनिधि आर जेम्स, जिला महासचिव सुबोध श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष मारवाही जहीर अब्बास कुरैशी, महासचिव श्रीनिवास पांडे, जिला उपाध्यक्ष परमानंद टंडन, जिला कोषाध्यक्ष संजय सेन, तहसील अध्यक्ष पेंड्रा नारायण साहू, हंस लाल यादव, तहसील अध्यक्ष गौरेला रामकृष्ण कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष गौरेला जगदीश आदिले सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## अग्रसेन जयंती की तैयारियों को लेकर अग्रवाल सभा की बैठक

**पेंड्रा।** विगत दिनों अग्रवाल सभा की सामान्य बैठक अग्रसेन भवन पेंड्रा में आयोजित हुई, जिसमें आगामी अग्रसेन जयंती समारोह 2025 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से शारदा चरण पसारी को जयंती समारोह का अध्यक्ष चुना गया।

अध्यक्ष बनने के बाद श्री पसारी ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर विकाश महलवाला, कोषाध्यक्ष पद पर विकाश जालान एवं रतन गोयनका, सचिव पद पर चारु अग्रवाल और मिहिर मित्तल को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं पत्रिका प्रभारी नितेश अग्रवाल और यश सातूवाला, मीडिया एवं प्रचार प्रभारी सुमित जालान और रिशी पसारी बनाए गए। कार्यकारिणी में महेश पसारी, पवन गोयनका, आनंद गोयनका, प्रशांत गोयल, राजेश पसारी, प्रमोद सुल्तानिया, नागेश सुल्तानिया, हर्ष गोयल, दीपक गोयल, अनुज गोयनका, हर्षित सातूवाला, अमोघ महलवाला, मुकुल अग्रवाल, अनमोल महलवाला, हर्ष जालान, तनिष्क खंडेलवाल एवं राहुल पसारी को शामिल किया गया। अध्यक्ष शारदा चरण पसारी ने बताया कि, जयंती समारोह धूमधाम से मनाने हेतु खेलकूद, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 14 सितंबर, रविवार को रक्तदान शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर अग्रसेन भवन पेंड्रा में आयोजित होगा। वहीं 22 सितंबर को अग्र मैराथन दौड़ का आयोजन अग्रसेन चौक से किया जाएगा, जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग दोनों भाग ले सकेंगे। विभिन्न कार्यक्रमों के साथ यह जयंती महोत्सव एक सप्ताह तक चलेगा।

### आधार कैम्प लगाने कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

**पेंड्रा।** जीपीएम के नया जिला बनने के पांच वर्ष बाद भी 80 प्रतिशत लोगों के आधार कार्ड में बिलासपुर जिला अंकित है, जिसके कारण शासकीय योजनाओं, बैंक संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पासपोर्ट बनवाने हेतु जिला के रूप में जीपीएम दर्ज कराना अनिवार्य है, साथ ही आधार कार्ड में कई प्रकार की त्रुटियां हैं, जिसमें सुधार करने के लिए आम नागरिकों को बार बार च्वाईस सेंटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिसकी वजह से दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। दो से तीन बार आधार कार्ड सुधारने में लगभग 500 से 700 रुपए खर्च हो रहा है। उक्त संबंध में जिला कांग्रेस महामंत्री पुष्पराज सिंह ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर स्कूल, कॉलेज, व पंचायत भवन में आधार कैम्प लगाने की मांग की है।

## 4 हजार 429 मवेशियों की टैगिंग 865 को लगाए गए रेडियम बेल्ट



गौ सेवा संकल्प अभियान के तहत गायों की सेवा करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशानुसार और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले में गायों की सेवा, संरक्षण एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'गौ सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत ग्रामों में गौ चौपाल का आयोजन कर गौ मित्रों का पंजीयन किया जा रहा है। साथ ही घुमंतू पशुओं को उनके मालिकों को सौपने तथा गांव में पशुओं के रखने की व्यवस्था की भी जा रही है। पशु चिकित्सा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के माध्यम से गायों की सेवा और संरक्षण के लिए किसान लगातार जागरूक हो रहे हैं, जिससे गाय गोद लेने वाले किसानों की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिले में अब तक 4 हजार 429 पशुओं की टैगिंग तथा 865 रेडियम बेल्ट लगाया गया है।

### आज काली पट्टी लगाकर करेंगे काम

## 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करते अधिकारी।

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने निर्णय लिया है। संघ के जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने बताया कि, संघ की प्रांतीय बैठक में सभी जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ओर से सर्वसम्मति से 9 सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति के लिए चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

इस विरोध प्रदर्शन की सूचना कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और उप संचालक कृषि को ज्ञापन के माध्यम से दे दी गई है। संघ के जारी ज्ञापन के अनुसार 8 और 9 सितंबर को सदस्य काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे एवं 15 सितंबर को जिले के समस्त विकासखंड एंव जिला स्तर पर तहदीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही बिना संसाधन भत्ता के उक्त तिथि से ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा। 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे एवं रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 9 सूत्रीय लंबित मांगों में वेतनमान संशोधन 43 सौ ग्रेड पे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एंव कृषि विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र का पुनर्निर्धारण, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि कर पच्चीस सौ रुपए करने, विभागीय कार्य सम्पादन के लिए मोबाइल इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी इत्यादि के लिए संसाधन भत्ता, विभगीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को कृषि विस्तार अधिकारी करने के लिए, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एंव कृषि विकास अधिकारियों की ड्यूटी गैर विभगीय कार्यों में ना लगाने, कृषि आदान सामग्री लैम्पसों में भंडारण करने एंव डीबीटी प्रणाली लागू करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से कृषि विकास अधिकारी के पद में विगत कई वर्षों से लंबित पदोन्नति आदि मांगें शामिल हैं।

## विखं की सेवा सहकारी समितियों का निरीक्षण



समितियों का निरीक्षण करते अधिकारी।

**मुंगेली।** कृषि विभाग रायपुर के संचालक राहुल देव के निर्देश पर कृषि संचालनालय रायपुर के उप संचालक चिरंजीवी सरकार ने विकासखंड मुंगेली अंतर्गत सेवा सहकारी समिति पंडरभट्ठा एवं संग्रहण केन्द्र मुंगेली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेवा सहकारी समिति पंडरभट्ठा में स्टॉक मिलान में अनियमितता पर संबंधित सेवा सहकारी समिति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और 2 दिवस के भीतर अनियमितता को दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि मुंगेली एमआर तिग्गा, जिला विपणन अधिकारी मुंगेली मनोज यादव, सीसीबी नोडल अधिकारी मुंगेली संतोष सिंह ठाकुर, सहायक संचालक कृषि कार्या संयुक्त संचालक कृषि बिलासपुर अशोक सिंह बनाफर, सहायक संचालक कृषि मुंगेली ललिता मरावी, अनुविभागीय अधिकारी मुंगेली सुभाष सोनी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी केएल मनहर, केपी घिडोरे, जिला उर्वरक निरीक्षक मुंगेली एमएल कुर्रे, राजेश साहू और ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी डीके. भास्कर मौजूद रहे।